राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-160
लखनऊ, रविवार 28 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

केंद्र व प्रदेश सरकार के प्रयासों से रामलला जन्मस्थान पर हुए विराजमान 03

प्रधान की उदासीनता के चलते गांव में व्याप्त विभिन्न समस्याएं 02

### सीएम योगी ने किया 424 करोड़ की 44 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

# बायोगैस प्लांट का उद्घाटन नई शुरुआत

समृद्धि न्यूज

**बदायूं।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दातागंज के गांव सैजनी में आयोजित कार्यक्रम में एचपीसीएल के बायोगैस प्लांट का उद्घाटन किया। बायोगैस प्लांट के साथ जिले की अलग-अलग विधानसभा में 424 करोड़ की 44 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया है।

मुख्यमंत्री ने बदायूं के अलावा जनपद सीतापुर, जौनपुर, बरेली, कन्नौज कानपुर देहात, अमेठी, बहराइच व फतेहपुर में स्थापित होने वाले बायोगैस संयंत्रों का शिलान्यास किया है। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी मौजूद थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कंप्रेस्ड बायोगैस के प्लांट का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी के सपने को धरातल पर उतारकर नई शुरुआत है। पर्यावरण के साथ किसानों की आमदनी बढ़ाने, युवाओं को रोजगार के लिए नए उद्यम स्थापित करने व साथ ही पर्यावरण की रक्षा का भी नया संदेश दे रहा है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हम किसानों सुरक्षा का वातावरण भी देंगे। गरीबों के लिए चलने वाली तमाम योजनाएं आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सांसद विधायक गांव-गांव जाकर आपको अपने साथ जोड़ने का प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल से आपने बदलते हुए भारत को देखा है, सात साल में बदलते हुए यूपी को देखा है।

आने वाले समय में आपको हर क्षेत्र में बदलाव देखने में मिलेगा। गंगा एक्सप्रेस-वे बनने के बाद यहां के लोग बदायूं से लखनऊ की दूरी तीन घंटे में पूरी कर लेंगे। चार साढ़े चार घंटे प्रयागराज तो तीन घंटे में दिल्ली पहुंचेंगे। इस मौके पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी,राज्यमंत्री गुलाब देवी ,आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप,बदायूं सांसद संघमित्रा मौर्य, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, एमएलसी वागीश पाठक, बीजेपी जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह मौजूद रहे।



**बदायूं के अलावा सीतापुर, जौनपुर, बरेली, कन्नौज कानपुर देहात, अमेठी, बहराइच व फतेहपुर में स्थापित होने वाले बायोगैस संयंत्रों का भी शिलान्यास**

#### राम मंदिर के साथ ही भारत के गौरव की हुई प्राण प्रतिष्ठा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री के प्रयासों से अयोध्या में पांच सौ सालों का वनवास समाप्त हुआ। प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आपने देखा। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही भारत के गौरव की भी प्राण प्रतिष्ठा हुई है। यही रामराज्य है। जब सरकारें अच्छी होती हैं तो आस्था का सम्मान भी होता है। जन विश्वास पर खरा उतरने के लिए लोक भावनाओं का भी ख्याल रखती हैं। हमारी सरकार को सात साल होने जा रहे हैं। इन सात सालों में दंगा नहीं हुआ। जो प्रदेश पहले दंगा प्रदेश हुआ करता था अब वह उत्सव प्रदेश बन गया है। कहीं रामोत्सव हो रहा है, तो कहीं होली उत्सव। अलग-अलग उत्सवों के साथ हर जाति व मजहब के लोग उत्सव मना रहे हैं।

### 189 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 62 करोड़ रुपए का पुरस्कार




**लखनऊ।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को लखनऊ में एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले घोटालों का दौर चलता था। पहले कोई कह भी नहीं सकता था कि एक दिन उत्तर प्रदेश में खिलाड़ी करोड़ों के ईनाम पाएंगे। अब कड़ी मेहनत और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की मदद से देश के खिलाड़ी पुराने कीर्तिमान को तोड़ रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में खिलाड़ियों को सबसे अधिक ईनाम राशि देने वाले राज्यों में है। उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश की ओर अग्रसर है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ भी की। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर शनिवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह बातें कहीं।

#### सफलता के शिखर पर मुस्कुराई मेधा : योगी

समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों 75 लाख से लेकर साढ़े चार करोड़ रुपये तक के ईनाम पाकर खिलाड़ियों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एशियाई और पैरा एशियाई खेलों के पदक विजेता और प्रतिभाग करने वाले राज्य के खिलाड़ियों को नागा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 189 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 62 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि मिली। डेढ़ करोड़ और तीन करोड़ रुपये के नगद पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की संख्या अधिक थी। सात खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र भी मिले। इनमें से चार की नियुक्ति डिप्टी एसपी के पद पर हो रही है। अन्य को जिला युवा कल्याण अधिकारी और यात्री-माल कर अधिकारी के रूप में नियुक्ति मिल रही है।

## सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन आज





**मोदी दोपहर 12 बजे शीर्ष कोर्ट के सभागार में करेंगे उद्घाटन**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जनवरी को दोपहर 12 बजे सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सुप्रीम कोर्ट के सभागार में किया गया है। एक सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के 75वें वर्ष का अनावरण करते हुए प्रधानमंत्री नागरिक केंद्रित सूचना और प्रौद्योगिकी पहल शुरू करेंगे जिसमें डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट (डिजी-एससीआर), डिजिटल कोर्ट 2.0 और सुप्रीम कोर्ट की नई वेबसाइट शामिल हैं। इस अवसर पर वह सभा को भी संबोधित करेंगे।

डिजी-एससीआर देश के नागरिकों को मुफ्त और इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में सुप्रीम कोर्ट के फैसले उपलब्ध कराएगी। डिजी-एससीआर की मुख्य विशेषताएं यह हैं कि 1950 के बाद से 36,308 मामलों को कवर करने वाली सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट के सभी 519 खंड डिजिटल प्रारूप में, बुकमार्क किए गए, उपयोगकर्ता के अनुकूल और खुली पहुंच के साथ उपलब्ध होंगे।

डिजिटल कोर्ट 2.0 एप्लिकेशन जिला अदालतों के न्यायाधीशों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में अदालती रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के लिए ई-कोर्ट परियोजना के तहत एक हालिया पहल है। इसे वास्तविक समय के आधार पर भाषण को पाठ में बदलने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग के साथ जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री सुप्रीम कोर्ट की नई वेबसाइट भी लॉन्च करेंगे। नई वेबसाइट अंग्रेजी और हिंदी में द्विभाषी प्रारूप में होगी और इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस के साथ फिर से डिजाइन किया गया है।

### संक्षिप्त समाचार

#### गृहमंत्री शाह दो दिवसीय बंगाल दौरे पर आज

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है। इसके मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का रविवार को बंगाल दौरा होने जा रहा है। इससे पहले 29 दिसंबर को उन्होंने कोलकाता के विक्टोरिया हाउस के पास भाजपा के बड़े सम्मेलन को संबोधित किया था। बंगाल भाजपा सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह का विमान रविवार 28 जनवरी रात 9:55 बजे कोलकाता एयरपोर्ट पर उतरेगा। वहां से वह सीधे न्यू टाउन के पांच सितारा होटल जाएंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। सोमवार सुबह सबसे पहले उत्तर 24 परगना के बारानगर स्थित महामिलन मठ जाएंगे।

#### सीडीआरआई के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ नित्यानंद का निधन

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) की कुलपति डॉ सोनिया नित्यानंद के पिता और सीडीआरआई के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ नित्यानंद का निधन हो गया। पूर्व निदेशक सीडीआरआई डॉ नित्यानंद के निधन की सूचना फैलते ही सीडीआरआई, केजीएमयू और निजी जीवन में उन्हें जानने वाले लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उनके आवास पर पहुंचे और दुख प्रकट किया। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। डॉ नित्यानंद को वर्ष 2012 में पद्मश्री अवार्ड मिला था। डॉ नित्यानंद का अंतिम संस्कार पूरे विधि विधान से किया जाएगा।

#### केरल के राज्यपाल को मिली जेड प्लस की सुरक्षा

**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की सुरक्षा बढ़ाकर 'जेड प्लस' श्रेणी की कर दी है। राजभवन ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। उनके कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ कर्मियों वाली 'जेड प्लस' सुरक्षा खान और राजभवन को दी गई है। पोस्ट में कहा गया है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल राजभवन को सूचित किया है कि राज्यपाल और राजभवन की सुरक्षा बढ़ाकर 'जेड प्लस' श्रेणी की कर दी गई है।

#### ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट अंतिम सबूत नहीं

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने शनिवार को कहा कि वाराणसी की अदालत में पेश की गई ज्ञानवापी परिसर की एएसआई सर्वे की रिपोर्ट मामले में कोई अंतिम सबूत नहीं है। बोर्ड के प्रवक्ता सैयद कासिम रसूल इलियास ने एक बयान में कहा कि ज्ञानवापी से संबंधित हिंदू पक्ष और दूसरे संगठन वर्षों से लगातार जनता को गुमराह कर रहे हैं।

## भाजपा अध्यक्ष ने 23 राज्यों के चुनाव प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त किए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर 23 राज्यों में चुनाव प्रभारी एवं सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किए हैं। पार्टी महासचिव अरुण सिंह की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार विजयंत पांडा उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी होंगे।

बिहार में सियासी उठा पठक के बीच विनोद तावडे को प्रभारी और सांसद दीपक प्रकाश को सह प्रभारी बनाया गया है। पश्चिम बंगाल में मंगल पांडे प्रभारी और अमित मालवीय और आशा लकड़ा सह प्रभारी होंगे। प्रकाश जावड़ेकर को केरल का प्रभार दिया गया है। सांसद बिपलब देव को हिमाचल प्रदेश, झारखंड में लक्ष्मीकांत वाजपेई, कर्नाटक में राधा मोहन दास अग्रवाल और सुधाकर रेड्डी का नाम तय किया गया है।

तरुण चुघ को जम्मू कश्मीर और लद्दाख तथा मध्य प्रदेश में डॉक्टर महेंद्र सिंह और सहयोगी के तौर पर सतीश उपाध्याय को जिम्मेदारी दी गई है। विजय रुपाणी को पंजाब और चंडीगढ़ का प्रभार मिला है। पंजाब में सहयोगी के तौर पर नरेंद्र सिंह होंगे। तमिलनाडु में अरविंद मेनन प्रभारी, सुधाकर रेड्डी सह प्रभारी और उत्तराखंड दुष्यंत कुमार गौतम प्रभारी होंगे।

### बंगाल में एक साथ 285 इंस्पेक्टर्स का तबादला

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में कम से कम 285 इंस्पेक्टर-रैंक के अधिकारियों का तबादला कर दिया गया। इसके पहले गत 23 जनवरी को 297 उपनिरीक्षकों का भी तबादला कर दिया गया था। राज्य प्रशासन के सूत्रों ने कहा कि ज्यादातर तबादले उनकी पिछली पोस्टिंग पर तीन साल या उससे अधिक की अवधि के लिए हुए हैं। नियमों के अनुसार, किसी भी चुनाव से पहले किसी विशेष पोस्टिंग पर तीन साल या उससे अधिक पूरा करने वाले अधिकारियों का स्थानांतरण अनिवार्य है। आईपीएस राजीव कुमार को उनके पूर्ववर्ती मनोज मालवीय की सेवानिवृत्ति के बाद राज्य पुलिस के कार्यवाहक महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

## प्रदेश में कांग्रेस 11 लोकसभा सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**अखिलेश यादव ने कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे की दी जानकारी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए के प्रमुख घटक दल कांग्रेस उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। गठबंधन की घटक दल समाजवादी पार्टी ने इस पर सहमति जताई है। प्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल के लिए लोकसभा की 07 सीटों पर पहले ही सहमति बन चुकी है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के जरिए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे की जानकारी दी है। अखिलेश ने लिखा है कि कांग्रेस के साथ 11 लोकसभा सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही है। ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा।

अखिलेश की इस पोस्ट के साथ ही प्रदेश में आईएनडीआईए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर उथल-पुथल की अटकलों पर विराम लग गया है। इससे पहले, अखिलेश ने राष्ट्रीय लोक दल के लिए लोकसभा की 07 सीटें छोड़ने की जानकारी दी थी।

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं। आईएनडीआईए के सीट बंटवारे के सवाल पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि यह ज्यादा दिनों तक टिकने वाला नहीं है। जैसे-जैसे चुनाव करीब आएंगे वैसे-वैसे इस में दरारें सामने आने लगेंगी।

### यूपी के चार जिलों में 19 सीटर विमानों के संचालन की अनुमति

**नई दिल्ली/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के चार जिलों में विमानों के संचालन के लिए भारतीय विमानपतन प्राधिकरण (एएआई) को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से अनुमति मिल गई है। एएआई ने शनिवार को सोशल मीडिया पर ट्वीट के साथ यह जानकारी साझा की है। एएआई के मुताबिक यह अनुमति 19 सीटर विमानों के लिए मुरादाबाद, अलीगढ, आज़मगढ़ और चित्रकूट हवाई अड्डों के संचालन के लिए मिली है। इन हवाई अड्डों के संचालन से देश की घरेलू हवाई कनेक्टिविटी मजबूत होगी और क्षेत्र के व्यापार और उद्योग को भी निश्चित बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश के इन जिलों में विमान सेवा शुरू करने का ऐलान केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अहमदाबाद और अयोध्या के बीच फ्लाइट शुरू होने के मौके पर किया था। इसमें उन्होंने अलीगढ़, आजमगढ़, श्रावस्ती, चित्रकूट और मुरादाबाद में एक माह के भीतर एक साथ लोकार्पण करने को कहा था।

## तीन फरवरी तक स्कूलों में होगी ऑनलाइन पढ़ाई, जिलाधिकारी ने जारी किए आदेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ में कड़ाके की ठंड के बीच स्कूलों में 3 फरवरी तक ऑनलाइन पढ़ाई के आदेश जारी किए गए हैं।

शनिवार को लखनऊ डीएम सूर्यपाल गंगवार की तरफ से जारी आदेश में कहा गया हैं कि जिन स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा नही हैं, वहां पर 10 बजे से 3 बजे तक क्लास चले पर यूनिफॉर्म की बाध्यता नही होगी। डीएम के आदेश में कहा गया हैं कि स्टूडेंट्स को ठंड से बचाने के लिए कक्षाओं में पर्याप्त प्रबन्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही टेम्परेचर मेन्टेन करने के लिए जरूरत पड़ने पर हीटर के प्रयोग करने की बात कही। वही क्लास, प्रैक्टिकल और एग्जाम क्लासेज के लिए स्टूडेंट्स को बाहर-खुले में नहीं बैठाया जाएगा। साथ ही यूनिफार्म पहनने की बाध्यता भी नही रहेगी।


राजधानी लखनऊ में इससे पहले 20 जनवरी तक स्कूलों की छुट्टियां बढ़ाई गई थी। इस बार अवकाश की डेट आगे नहीं बढ़ाई गई है पर ऑनलाइन पढ़ाई के निर्देश जारी हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक शीतलहर चलने का अनुमान जताया हैं। उसके बाद 22 जनवरी को ऑनलाइन पढ़ाई का आदेश जारी किया गया था।

### आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा
### डॉ. बरुआ हेल्थकेयर का पंजीकरण निरस्त

**मुरादाबाद।** आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा करने वाले मुरादाबाद के थाना मझोला क्षेत्र के खुशहालपुर स्थित डॉ. बरुआ हेल्थकेयर का पंजीकरण शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप सिंह ने निरस्त कर दिया है। साथ ही सीएमओ ने अस्पताल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने सभी सेवाएं तत्काल प्रभाव से बंद करने के लिए अस्पताल संचालक डॉ. अभिजीत बरुआ को नोटिस भी जारी किया है। सीएमओ स्तर से जांच में पाया गया कि अस्पताल संचालक ने उन मरीजों की रिपोर्ट बनाकर भुगतान के लिए भेजी थी, जिनका वास्तव में ऑपरेशन नहीं हुआ।

## बोपन्ना व मैथ्यू ने जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल का खिताब

एजेंसी



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के पुरुष युगल में रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, शनिवार को दोनों ने फाइनल में इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी को सीधे सेटों में मात दे दी है। बोपन्ना और एब्डेन ने 7-6, 7-5 से मैच को अपने नाम किया।

43 साल के बोपन्ना हाल ही में पुरुष युगल की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचे हैं। उन्हें प्रतिष्ठित पद्म श्री अवॉर्ड के लिए भी चुना गया। बोपन्ना ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ये कारनामा 43 साल और 329 दिन की आयुव में चैंपियन बने हैं। बता दें कि, रोहन बोपन्ना का ग्रैंड स्लैम के पुरुष युगल स्पर्धा में ये 61वां मैच था। वह 19 अलग-अलग साथियों के साथ मैच खेल चुके हैं।

### लैंड फॉर जॉब : राबड़ी, मीसा समेत आरोपित नौ फरवरी को कोर्ट में तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले में ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, मीसा भारती, हिमा यादव, हृदयानंद चौधरी समेत मामले के सभी आरोपितों को 09 फरवरी को पेश होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने इस मामले में गिरफ्तार अमित कात्याल के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया। कोर्ट ने 18 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी की ओर से पेश वकील मनीष जैन ने कहा था कि आरोपित अमित कात्याल ने 2006-07 में एके इन्फोसिस्टम नामक कंपनी का गठन किया।

## नीतीश भाजपा के साथ मिलकर फिर बना सकते हैं सरकार

एजेंसी

**पटना।** बिहार की राजनीति में घटनाक्रम बहुत तेजी से बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। बिहार में राजद, जदयू और कांग्रेस की महागठबंधन सरकार फिलहाल वेंटिलेटर पर नजर आ रही है। राजद और जदयू के बीच जबरदस्त तरीके से दूरियां दिखाई दे रही हैं। इन सबके बीच खबर यह है कि नीतीश कुमार भाजपा के साथ मिलकर एक बार फिर से सरकार बना सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह जदयू की बड़ी बैठक होगी। इसके बाद एनडीए की बैठक होगी। सूत्रों के मुताबिक तब नीतीश कुमार अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपेंगे और साथ ही साथ सरकार बनाने का दावा भी करेंगे। रविवार शाम 4 के आसपास मुख्यमंत्री के तौर पर नीतीश कुमार एक बार फिर से शपथ लेंगे। इस बार उनके साथ भाजपा के नेता उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। इसका मतलब साफ है कि रविवार को बिहार में नई सरकार होगी। लेकिन उसके चेहरा नीतीश कुमार रहेंगे। नीतीश कुमार 9वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। भाजपा विधायक दल की आज बैठक हुई जिसमें तमाम चीजों को लेकर राय ली गई है। बिहार बीजेपी प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक पर बीजेपी सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि यह बैठक पटना में हुई, इसमें पार्टी के सभी विधायक, सांसद और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। हमने मूल रूप से चर्चा की, कर्पूरी ठाकुर के लिए भारत रत्न के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया, पार्टी ने पीएम मोदी के फैसले की सराहना की।

### खाली होगी सोमनाथ मंदिर की जमीन, 150 से अधिक झुग्गियों पर चलेगा बुलडोजर

**सोमनाथ।** गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में सोमनाथ मंदिर के पीछे स्थित मंदिर ट्रस्ट और राज्य सरकार की लगभग तीन हेक्टेयर भूमि खाली कराने के लिए एक बड़ा अतिक्रमण रोधी अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। कलेक्टर हरजी वाधवानिया ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री सोमनाथ ट्रस्ट और राज्य सरकार की भूमि को खाली कराने के लिए अनधिकृत रूप से निर्मित 21 मकान और 153 झुग्गियों को ध्वस्त किया जा रहा है। वाधवानिया ने कहा कि तोड़फोड़ अभियान शनिवार सुबह पांच मामलतदारों और लगभग 100 राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में शुरू हुआ।




"जननी सुरक्षा योजना एवं जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थागत प्रसव कराने पर 1400 धनराशि एवं निशुल्क भोजन निशुल्क दवा निशुल्क जांच एवं निशुल्क परिवहन की सुविधा प्राप्त है।"

जिला स्वास्थ्य समिति बहराइच, उत्तर प्रदेश

# प्रधान की उदासीनता के चलते गांव में व्याप्त विभिन्न समस्याएं

## अधिकांश इंडियामार्का हैंडपंप खराब, भगवान शंकर जी के मंदिर के पास गया मार्ग भी बरसात में हो जाता है दलदल

समृद्धि न्यूज



**पसगवॉं खीरी।** पसगवॉं विकासखंड की ग्राम पंचायत सुनौरा में प्रधान और सचिव का गठजोड़ सरकारी पैसे का बंदरबाट करने में लगा हुआ है।

सुनौरा के मजरा मडिया के ग्रामीणों ने बताया है कि गांव में अधिकांश इंडियामार्का हैंडपंप खराब पड़े हैं। और पक्की नालियां न बने होने के कारण नालियों का गंदा पानी भी गलियों में ही बहता है। कई लोगों ने अपने घरों के आगे गड्ढा बना रखा है जिसमें घर से निकलने वाला पानी गड्ढे में ही जाता है जिसके कारण पानी में गंदे कीड़े मकोड़े मच्छर आदि पनपते हैं और गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। प्राथमिक विद्यालय के पास से अंदर गली में भगवान शंकर जी के मंदिर के पास गया मार्ग भी बरसात में पूरी तरह दलदल बन जाता है जिस पर कई बार निकलने वाले राहगीर गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। गांव वालों का कहना है कि प्रधान होने से पहले बड़े-बड़े दावे करने वाले प्रधान होने के बाद गांव में झांक कर नहीं देखते हैं। पब्लिक के सुख-दुख में भागीदार होने का वादा करके पहले प्रधान बन गए। इसके बाद गांव में बिना किसी भेदभाव व द्वेष से विकास कार्य कराने की शपथ खाई थी।

### मनरेगा में भी बने फर्जी जॉब कार्ड

सूत्र बताते हैं कि ग्राम पंचायत में अपात्र लोगों के जॉब कार्ड बने हुए हैं फर्जी मस्टर रोल के जरिए अपात्रों के खाते में मनरेगा से भुगतान भेजा जाता है, जिसके बाद कार्डधारक को 200 से 500 रुपये का लालच देकर हजारों की रकम हड़प ली जाती है।

इंडियामार्का हैंड पंप खराब होने की जानकारी नहीं थी जल्द ही इसको दिखाया जाएगा।
**कुलदीप राठौर, ग्राम विकास अधिकारी**

# सरकार की गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाकर दिए जा रहे हैं प्रधानमंत्री शहरी आवास

समृद्धि न्यूज



**सिंगाही खीरी।** कस्बे में लाभार्थी जगरूप पुत्र हरिश्चंद्र को मिला प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ जगरूप लाभार्थी की दूसरी किस्त भी मिल गई है और आवास का कार्य प्रगति पर है।

मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने जिला नगरी विकास अधिकरण डूडा व जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपात्र लाभार्थी का आवास योजना में चयन होने का आरोप लगाकर जांच की मांग की है। कस्बे के जगरूप पुत्र हरिश्चंद्र वार्ड नंबर 6 मोहल्ला पुरानी भट्टी का का प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में आवास बन रहा है जिसका कार्य प्रगति पर मोहल्ला के ही सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार मिश्रा ने जिला परियोजना अधिकारी डूडा को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि लाभार्थी के पास खुद का मकान है व चार एकड़ कृषि भूमि तथा ट्रैक्टर ट्राली भी है तथा उनका पुत्र आर्यावर्त बैंक शाखा बेलरायां में शाखा प्रबंधक के पद पर तैनात है।

प्रधानमंत्री आवास योजना की गाइड लाइन के खुले आम धज्जियां उड़ाकर डूडा ऑफिस से दूसरी किस्त भी जारी कर दी गई है। जिला परियोजना अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि जो भी आवास दिया जाता है वह तहसील प्रशासन की जांच के बाद दिया जाता है प्रार्थना पत्र मिला है हमने इंजीनियर को जांच सौपी है अभी में लखनऊ आया हूं छुट्टी पर हूं।

## खबरें एक नजर में

### हैदरगढ़ क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत कार्यालय पर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर झंडारोहण करते हुए चेयरमैन आलोक तिवारी ने कहा कि देशवासी देशभक्ति की भावना और जोश से भरे हुए हैं भारत का हर नागरिक इन गौरांवित पलों का उत्सव पूरे उत्साह के साथ मना रहा है। इसके अतिरिक्त उप जिलाधिकारी कार्यालय कोतवाली परिसर तहसील परिसर सभी सरकारी और गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों ब्रम्हनान वार्ड में पूर्व उप बेसिक शिक्षा अधिकारी माता प्रसाद अवस्थी और युवा भाजपा नेता सोनू द्विवेदी के आवास पर इसी वार्ड में समाजवादी पार्टी से पूर्व नगर अध्यक्ष फारूख कुरैशी के ऑफिस पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पंकज मिश्रा पूर्व उप बेसिक शिक्षा अधिकारी माता प्रसाद अवस्थी द्वारिका प्रसाद अवस्थी भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष विकास पांडे शिक्षक नेता विवेक गुप्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी जनार्दन शुक्ला स्कंद तिवारी नितिन मौर्य महेंद्र मिश्रा शंभू बाजपेई बैजनाथ मौर्य दिव्यांश श्रीवास्तव मोनू द्विवेदी रोहित मिश्रा आशीष साहू विनीत अवस्थी कुशमेश चंद्र मिश्रा पवन अवस्थी विनोद अवस्थी विकास शर्मा आदि मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस पर कराया अखंड पाठ

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** । अयोध्या स्थित भव्य श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर स्वर्गीय पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी के सुपुत्र सिद्धार्थ अवस्थी द्वारा संगीतमयी श्री रामचरितमानस अखंड पाठ के उपरांत प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व सांसद विधायक बैजनाथ रावत नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी आदि ने हिस्सा लिया। पूर्व सांसद बैजनाथ रावत ने कहा कि हैदरगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक एवं ग्राम्यांचल सेवा संस्थान की नींव रखकर शिक्षा की अलख जगाने वाले स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ अवस्थी एक जमीनी नेता के रूप में विख्यात थे आज श्री अवस्थी द्वारा स्थापित उनके संस्थान में हैदरगढ़ क्षेत्र ही नहीं आसपास के जनपदों से हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त हो रही है और इसी शिक्षण संस्थान से शिक्षा प्राप्त करके निकले कई विद्यार्थी सरकारी संस्थानों में नौकरियां प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से शरद अवस्थी आशुतोष अवस्थी सहित समस्त अवस्थी परिवार के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी चीनी मिल के प्रबंधक बी के यादव , वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश शर्मा दिनेश शुक्ला शिवकुमार चतुर्वेदी पंकज मिश्रा, नितिन मौर्य, संभू बाजपेई व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी जनार्दन प्रसाद शुक्ला राजकुमार सोनी बैजनाथ मौर्य रवि शर्मा महेंद्र मिश्रा रोहित मिश्रा सहित ग्राम्यांचल शिक्षण संस्थान के सभी अध्यापक एवं क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ट्राई साइकिल लेने जा रहा दिव्यांग पिता सहित दुर्घटना में घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना लोनी कटरा के सारी पांडे गांव निवासी अभिषेक त्रिवेदी 24 वर्ष पुत्र रामकुमार अपने बड़े दिव्यांग भाई सुशील कुमार 43 वर्ष तथा अपने पिता रामकुमार को मोटरसाइकिल से लेकर हैदरगढ़ आ रहे थे सुबह लगभग 9ः00 बजे जब उनकी बाइक बताना टोल प्लाजा के आगे धनी कार्ड मोड़ के पास पहुंची तभी पीछे की ओर से अनियंत्रित गति से आए टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीनों पिता पुत्र घायल हो गए हाइवे की एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुचाये गये घायलों का उपचार डॉक्टर उमंग वर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान हेड इंजरी के चलते सुशील कुमार को जिला चिकित्सालय स्थित ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिए गए परंतु परिजन घायल को जिला चिकित्सालय ले जाने के बजाय परिचितों के साथ लेकर घर चले गए। डॉक्टर उमंग वर्मा ने बताया कि गंभीर खान दिव्यांग को समय से रेफर किए जाने के बाद भी परिजनों ने ना तो घंटे बाद भी 108 एंबुलेंस को फोन किया और नहीं अपने साधन से अस्पताल ले जाने का काम किया।पेट्रोल पंप से आए जान पहचान वाले इसी गांव निवासी एक युवक द्वारा अपने साधन से घायल दिव्यांग को वापस ले जाया गया।

### चोरों के हौसले बुलंद, आए दिन चोरियों को देते हैं अंजाम

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में इन दोनों बैटरा चोर गैंग सक्रिय हो गया है। गैंग आए दिन ट्रैक्टर के बटरी की चोरी होना आम बात में शुमार हो गया। इलाके में हो रही ताबडतोड़ चोरियों की वजह से पुलिस की गश्त पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। सर्द रात में कड़ाके की पड़ रही ठंड में कोहरे व अंधेरे का लाभ उठाकर बीती रात आनंद कुमार निवासी सिंगहा कला के घर के बाहर सोनालिका ट्रैक्टर खड़ा था जिस पर इमरान कंपनी का बैटरी लगा हुआ था चोरों ने बैटरी पर हाथ साफ कर दिया वही नसरत अली निवासी सिंगहा कला की धुलाई सर्विस सेंटर की दुकान थी वहां पर चोरों ने सर्विस स्टेशन की मशीन खोल कर चंपत हो गए। पिंटू ने सिंगाही पुलिस को तहरीर दी है। बताते चलें कि इससे पहले भी ग्राम सिंगहा कला में चुन्नू जायसवाल, कैलाश रजक लक्ष्मी की ट्रैक्टर के बैटरी चोरी हो चुकी है देवस्थान सिद्ध बाबा से दान पत्र चोरी हो चुका है पुलिस ने एक भी चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं और हर रोज एक चोरी को अंजाम देते चले आ रहे हैं।

### तमंचे के साथ हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सर्विलांस व थाना हैदरगढ़ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना से सम्बन्धित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पिकप व तमंचा बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है।26 जनवरी को थाना हैदरगढ़ पर वादिनी जूली कुमारी पत्नी नयन कुमार चौधरी निवासिनी डकवर टोली महोदीनगर थाना रोसरा जनपद समस्तीपुर (बिहार), हाल पता– इन्दिरा नगर जनपद लखनऊ द्वारा सूचना दी गई कि उसके पति नयन कुमार चौधरी व शैलेन्द्र कुमार निवासी सिधौली जनपद सीतापुर एवं राहुल मौर्य पुत्र अनिल कुमार मौर्य निवासी पिलहटी थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी के साथ मिलकर एक पिकप से जानवरों के सीमेन का क्रय–विक्रय का कार्य करते थे। कुछ दिन पूर्व रुपयों के लेन देन को लेकर शैलेन्द्र से विवाद हुआ था एवं शैलेन्द्र इस पार्टनरशिप से अलग हो गया था एवं नयन कुमार चौधरी डॉक्टरों को सीमेन बेचने के लिए निकले थे और दिनांक 25 जनवरी की रात्रि इन्हीं लोगों द्वारा मिलकर उनकी हत्या कर दी गई।

# आजादी में शहीदों का योगदान अविस्मरणीय

## 75वें गणतंत्र दिवस पर डीएम ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण

समृद्धि न्यूज




**बाराबंकी।** 75वां गणतंत्र दिवस जनपद में श्रद्धा, हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में धूम-धाम से मनाया गया। इस राष्ट्रीय पावन पर्व के उपलक्ष्य में जनपद में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त सरकारी भवनों पर प्रातः 08.30 बजे ध्वजारोहण किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने ध्वजारोहण के उपरान्त राष्ट्रगान एवं संविधान के प्रति निष्ठा और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह ने ध्वजारोहण किया।

कलेक्ट्रेट लोकसभागार में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय पर्व को पूरा देश मना रहा है। 26 जनवरी 1950 को हमारे देश में संविधान बन कर लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि अपने देश को आजाद करने के लिए न जाने कितने ही वीर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने अपने जीवन को बलिदान कर दिया। उन सभी शहीदों ने अपने जीवन को इस देश पर हंसते-हंसते न्यौछावर कर दिया।

उन्होंने भगत सिंह, अशफाक उल्ला खान, रामप्रसाद बिस्मिल का उदाहरण देते हुए कहा कि इन जैसे बहुत से शहीदों ने इस देश पर अपनी जान को हंसते-हंसते कुर्बान कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो हमें आज सम्मान दिया है जो हम सब आज स्वतंत्र और गणतंत्र हैं, हमें हमेशा इसका सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर अपर अधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक इंद्रसेन, उप जिलाधिकारी चन्द्रकांत, उप जिलाधिकारी केडी शर्मा, प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी सुश्री श्वेता सहित कलेक्ट्रेट परिसर के अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षण संस्थाओं में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**मसौली, बाराबंकी।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस क्षेत्र मे उल्लास के साथ मनाया गया सरकारी, अर्धसरकारी कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों, प्रतिष्ठानों पर झंडारोहण किया गया तथा मिष्ठान का वितरण किया गया। ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लाक प्रमुख रईस आलम एव खण्ड विकास अधिकारी डा संस्कृता मिश्रा ने झंडारोहण किया तथा क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी इस मौक़े पर एडीओ पंचायत जानकीराम, अवर अभियंता लघु सिंचाई अनिल कुमार व्यास, एडीओ आई एस मदन गोपाल कनौजिया समेत समस्त ब्लाककर्मी मौजूद रहे। थाना मुख्यालय पर प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने झंडारोहण किया तथा सलामी दी सीएचसी बड़ागांव पर अधीक्षक डा संजीव कुमार, बीआरसी कार्यालय बड़ागांव पर खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय शुक्ल, आईटीआई कॉलेज बड़ागांव पर प्रिंसिपल आशीष कुमार कौशिक, टोल प्लाजा पर प्रबंधक पुष्पेंद्र तिवारी, यूनिवर्सल कोचिंग सेंटर पर सपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी ने झंडारोहण किया। इसके आलावा शैक्षिक संस्थानों पर रंगारंग कार्यक्रमों के बीच गणतंत्र दिवस उल्लास के साथ मनाया गया ग्राम पंचायत कार्यालयों पर ग्राम प्रधानों एव उनके प्रतिनिधियों द्वारा झंडारोहण किया गया।

### झंडारोहण को लेकर प्रबंधक व प्रधानाचार्य के बीच हुआ विवाद

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** शुक्रवार की सुबह विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह के तहत झंडारोहण की तैयारी की जा रही थी कि इसी बीच सुबह 10 बजे अपने समर्थकों के साथ विद्यालय परिसर में पहुंचे थाना लोनी कटरा के सोनिकपुर गांव निवासी प्रबंधक सुनील सिंह ने झंडारोहण करने की कोशिश की जिसका प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ल द्वारा विरोध किया गया और कथित प्रबंधक और प्रधानाचार्य के बीच छीनाझपटी के दौरान प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ल द्वारा झंडारोहण कर दिया गया। सुनील सिंह द्वारा इसी बीच कोतवाली पुलिस को फोन पर विवाद की सूचना दी गई सूचना पाकर पहुंची पुलिस विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ला को अपने वाहन पर बैठाकर कोतवाली लेकर चली गई। घटना को लेकर विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र आक्रोशित हो गए और सैकड़ो की संख्या में छात्र कोतवाली पहुंचकर हंगामा करने लगे।

### सांसद निधि से निर्मित शिक्षण कक्ष का सांसद ने किया उद्घाटन



**हैदरगढ़, बाराबंकी।** विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम भिलवल में स्थित नेहरु मेमोरियल इंटर कालेज में स्व. सुंदर लाल दीक्षित पूर्व विधायक हैदरगढ़ की स्मृति में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से 10 लाख रूपये की लागत से निर्मित शिक्षण कक्ष का उद्घाटन सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत की उपस्थिति में किया । उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि मेरा उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना है प्रत्येक माता–पिता का कर्तव्य है कि वह अपने बच्चो को विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करें । कार्यक्रम को हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सचिन वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह , शिव स्वामी वर्मा, प्रबन्धक प्रह्लाद शरण जायसवाल, प्रधानाचार्य अबोध कुमार शर्मा, बचान रावत, मायापति वर्मा, पंकज दीक्षित, पप्पू दीक्षित सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# गणतंत्र दिवस पर दिव्यांगजनों को वितरित की गई ट्राई साइकिल व उपकरण

समृद्धि न्यूज



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हैदरगढ़ ब्लॉक परिसर में जिला विकलांग कल्याण अधिकारी एजाज खान की अध्यक्षता में दिव्यांग जनों के बीच ट्राई साइकिल व्हीलचेयर कान की मशीन बैसाखी कंबल आदि का वितरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में यशस्वी सांसद उपेंद्र सिंह रावत क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह ने हिस्सा लिया।

सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने से अब कोई नहीं रोक सकता क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी व्यक्तियों को जोड़ रखा है इसी क्रम में आज जिला विकलांग कल्याण अधिकारी एजाज खान के प्रयासों के चलते आज हैदरगढ़ तहसील के लगभग एक सैकड़ा लोगों के बीच ट्राई साइकिल कान की मशीन बैसाखी आदि का वितरण होने जा रहा है। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व योगी की सरकार द्वारा पहले भी आप लोगों को ऐसी योजनाओं का लाभ मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह खंड विकास अधिकारी हैदरगढ़ आशुतोष श्रीवास्तव खंड विकास अधिकारी त्रिवेदीगंज अदिति श्रीवास्तव तहसीलदार विनोद कुमार सिंह मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह मुन्नू भाजपा नेता पंकज दीक्षित संतोष श्रीवास्तव पूर्व मंडल अध्यक्ष शेखर मिश्रा मोहित मिश्रा प्रधान नीरज सिंह अजय तिवारी नन्हे भैया सहित सैकड़ो लाभार्थी उपस्थित रहे।

# अनेकता में एकता का प्रतीक है भारतीय संविधान

## बी.पी.एस. पब्लिक स्कूल में मनाया गया गणतन्त्र दिवस

समृद्धि न्यूज



**लखीमपुर खीरी ।** मैदान रोड स्थित बी.पी.एस. पब्लिक स्कूल में मनाया 75वाँ गणतन्त्र दिवस गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती प्रमोदिनी शुक्ला के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती पूजन व मंत्रोचार से प्रारंभ की गयी।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम समूह गान, नृत्य, लघु नाटिका फैंसी ड्रेस एवं भाषण प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति मय बना दिया। इसके बाद मार्च पास्ट प्रतियोगिता भी संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में सुभाष हाउस प्रथम स्थान पर रहा।

विजयी हाउस के विद्यार्थियों को प्रधानाचार्या ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अंत में प्रधानाचार्या नीलम अवस्थी ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए बताया कि इस बार के 75वें गणतंत्र दिवस पर एक बार फिर से लोगों के मन में विश्वास और अनेकता में एकता का भाव जागृत होते हुए दिख रहा है और यही भाव भारत को तथा भारत देश के गणतंत्र को विश्व के दूसरे देशों से अलग बनाता है। यही विश्वास संविधान के प्रति विभिन्नता में एकता के भाव को जागृत करता है, तथा देश को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर करने में सहायक है।

### धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, सांसद ने दी बधाई

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** गणतंत्र दिवस कई मायनों में देश की विकास यात्रा में ऐतिहासिक पड़ाव है 26 जनवरी 1950 को हमारे देश में संविधान लागू हुआ था और यह लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया था। उक्त विचार सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने भिलवल स्थित प्रधान संघ अध्यक्ष प्रहलाद शरण के शिक्षण संस्थान नेहरू मेमोरियल इंटर कॉलेज बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। सांसद ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि इसी दिन ब्रिटिश शासन द्वारा नियुक्त गवर्नर जनरल के स्थान पर हमें अपना राष्ट्रपति और देश का नाम भारत मिला।

# सामूहिक विवाह में दाम्पत्य सूत्र में बंधे 182 जोड़े, जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं

समृद्धि न्यूज

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** नगर पंचायत सुबेहा में शुक्लबाजार तिराहे पर रामदेव सिंह प्र0 ब्लॉक प्रमुख हैदरगढ़ के कैंप कार्यलय परिसर में शनिवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामूहिक विवाह कार्यक्रमका आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज सिद्धौर के 182 जोड़ों का विवाह गायत्री शक्ति पीठ हैदरगढ़ द्वारा मंत्रचार के बीच विधिवत संपन्न कराया गया। तीन मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी संपन्न कराया गया। सामूहिक विवाह के दौरान वर वधु को उपहार के रूप में शादी का समान भेटकर आशीर्वाद व उज्जवल भविष्य की कामना कर विदाई दी गई। इस अवसर पर भाजपा विधायक दिनेश रावत ने अपने उद्बोधन में कहा की भारत के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही सामूहिक विवाह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत सरकार गरीब परिवार की बेटी की शादी हेतु 51 हजार रुपए अनुदान राशि के रूप में दे रही है। रामदेव सिंह ने वर वधु को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# गुलरिया चीनी मिल गेट से गायब हुई वर्कर की बाइक, युवक ने पुलिस को दी तहरीर

समृद्धि न्यूज



**बिजुआ खीरी।** कोतवाली भीरा क्षेत्र के ग्राम गुलरिया में संचालित बलरामपुर चीनी मिल की इकाई गुलरिया चीनी मिल के बाहर खड़ी मजदूर की बाइक गायब हो गयी। युवक की नाइट शिफ्ट में ड्यूटी थी और वह बाइक खड़ी कर शाम को मिल के अंदर गया था। वहीं जब सुबह बाहर निकला तो उसकी बाइक गायब थी। इस पर उसने गार्ड से जानकारी लेने के बाद आसपास इधर-उधर ढूंढा लेकिन, बाइक न मिली। फिलहाल युवक ने बिजुआ पुलिस चौकी में तहरीर दी है।

मिली जानकारी अनुसार भीरा थाना क्षेत्र के चौखड़िया गांव निवासी अवगेश कुमार पुत्र आशाराम ने बताया कि वह गुलरिया चीनी मिल में मजदूरी करता है। बुधवार को वह गुलरिया चीनी मिल फैक्ट्री में किराए के वाहन से अपना गन्ना लेकर आया था। उसी के साथ अपनी सुपर स्प्लेंडर बाइक यूपी- 31ऋ-9511 से आया और अपनी बाइक फैक्ट्री के बाहर स्टैंड में खड़ी कर फैक्ट्री में मजदूरी करने अंदर चला गया।

जब सुबह फैक्ट्री के बाहर निकला तो बाहर बाइक न पाकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गयी। फैक्ट्री के बाहर ड्यूटी पर तैनात गार्डों से जानकारी ली मगर कोई जानकारी नहीं मिली। बाइक की काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक न मिली, जिसके बाद वह बिजुआ चौकी पहुंचा। जहां पर उसने उक्त घटना के सम्बन्ध में प्रार्थना-पत्र चौकी इंचार्ज चेतन तोमर को देकर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई। वहीं क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना को लेकर लोगो में भय व्याप्त है और लोग नाराज हैं। इससे पहले भी थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की हुई घटनाओं को लेकर पुलिस ने उदासीनता दिखाई। अब मिल गेट से बाइक गायब होने पर मजदूरों में आक्रोश पनप रहा है। लोगों का कहना है कि चोरों की गिरफ्तारी न होने की वजह से चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे।

**रैली**

### चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

# हर दिल में संविधान, जानें, मानें, जिएं निकाली गई चेतना रैली

समृद्धि न्यूज




**बाराबंकी।** लोकतंत्र के महापर्व 75वें गणतंत्र दिवस पर बनीकोडर क्षेत्र के ग्राम छंदवल में निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में धूमधाम से ध्वजारोहण करके स्कूल के छात्र छात्राओं एवं बिरजू संस्थान के कार्यकर्ताओं द्वारा हर दिल मे संविधान, जानें, मानें, जियें अभियान के तहत चेतना रैली निकाली गई।

रैली से आस पास के गांवों में देश प्रेम और संविधान सम्मत कार्यों की चेतना का संचार हुआ। स्कूल के प्रबंधक व संस्थान के अध्यक्ष तथा हर दिल मे संविधान, जानें, मानें, जियें अभियान के स्टेट अम्बेसडर रत्नेश कुमार व समाजसेवी चंद्रशेखर मुन्ना भैया ने ध्वजारोहण कर चेतना रैली को रवाना किया और बताया कि भारतीय गणतंत्र के 75वें वर्ष पर हर दिल में संविधान एक जन अभियान है जो भारत के संविधान के मूल भाव और उसके मूल्यों को भारत के नागरिकों के रोजमर्रा के जीवन में शामिल करने के लिए काम कर रहा है। रत्नेश कुमार ने बताया कि इस अभियान को 27 राज्यों के 373 जिलों के 982 से अधिक सहभागियों से सहयोग मिला है, जो सामूहिक रूप से 26 जनवरी 2024 को ऐतिहासिक 75 वां गणतंत्र दिवस मनाएंगे और 3 फरवरी तक अभियान का विस्तार जारी रखेंगे। इस अभियान में झारखंड, महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 50त्न जिलों से भागीदारी है।

इसमें असम और मेघालय सहित उत्तर-पूर्वी राज्यों से सहभागियों की निरंतर भागीदारी देखी गई है। अभियान में दमन और दीव के सहभागी और जर्मनी के एनआरआई साथी भी शामिल हुए हैं। कार्यक्रम में चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षक उमेश कुमार, वन्दना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, सरिता यादव, अनिता, सरोज, सरस्वती जियालाल सहित समाजसेविका सुलोचना यादव, चंद्रशेखर मुन्ना भैया व अभिभावक व सैकड़ों बच्चों ने अभियान में भाग लिया।

## खबरें एक नजर में

### जरूरतमंदों और समाचार पत्र वितरकों मे हुआ कंबल वितरित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को भाजपा कार्यालय लालबाग में आनंद द्विवेदी ( महानगर अध्यक्ष) के द्वारा जरूरतमंदों और समाचार पत्र वितरकों मे कंबल का वितरण किया। इस मौके पर श्री द्विवेदी जी ने कहा कि ऐसी ठंड में बहुत कठिन कार्य करते हैं समाचार पत्र वितरको का कठिन परिश्रम अत्यंत सराहनीय है। इस मौके पर समाचार पत्र वितरक प्रदीप कुमार वर्मा (चौक डिपो अध्यक्ष ), मुरारी लाल यादव (कैसरबाग डिपो अध्यक्ष), अंकुर दिक्षित, प्रवीण गर्ग, जय गुप्ता, अमित त्रिपाठी, संतोष कश्यप अनिल वर्मा, आदि उपस्थित रहे।

### भाकियू के मीडिया प्रभारी बने संतोष लखेरा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन (सावित्री)–अराजनैतिक 26 जनवरी को राष्ट्रीय कैम्प कार्यालय मे शेखूपूरा निवासी संतोष कुमार लखेरा को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विपेंद्र की अनुशंसा पर मीडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष (व्यापार प्रकोष्ठ)– सौरभ गोयल, आनंद द्विवेदी(प्रदेश संगठन मंत्री), विनीता सिंह (मण्डल उपाध्यक्ष–म. प्रकोष्ठ), अभिमन्यु सिंह (जिला सचिव), ओबैदुर्रहमान (जिला प्रभारी), रंजीत मौर्या (जिला सचिव), करन राठौर(जिला सचिव), शिवम पाण्डेय (जिला महामंत्री), आशुतोष सोनी (जिला सचिव) समेत सभी सुधी कार्यकर्ताओ का जनसमूह उपस्थित रहा।

### पंचायती राज निदेशालय में निदेशक ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पंचायती राज निदेशालय में निदेशक राज कुमार ने 75 वें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई गई।प्रिट द्वारा क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम और इनवायरमेंट मैनेजमेंट सिस्टम के आई एस ओ सर्टिफिकेशन प्राप्त होने पर निदेशक राजकुमार ने ज्वाइंट डायरेक्टर प्रवीणा चौधरी को आई एस ओ सर्टिफिकेट प्रदान किया। पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों को निदेशक ने बधाई दी।

### सतीश महाना ने मुंबई में ओम बिरला से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने मुंबई में आयोजित पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भाग लिया। मुंबई में आयोजित 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की। श्री महाना और श्री बिड़ला के बीच अनेक संसदीय विषयों पर विचार विमर्श हुआ। स्पीकर श्री महाना के मुताबिक बहुत ही स्मरणीय भेट हुई है।

# केंद्र व प्रदेश सरकार के प्रयासों से 500 साल बाद रामलला जन्मस्थान पर हुए विराजमान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर से काशी, मथुरा को लेने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हम राम, कृष्ण और विश्वनाथ तीनों एक साथ लेंगे। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद शनिवार को लखनऊ में कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुरजी की रामकथा में पहुंचे थे।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रामोत्सव 2024 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ में श्रीराम कथा का आयोजन किया है। इसमें देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज श्रीराम कथा का वाचन कर रहे हैं। शनिवार को लखनऊ के डीएवी कॉलेज में आयोजित रामकथा में चौथे दिन डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद लिया। उन्होनें कहा कि केंद्र और प्रदेश में हमारी सरकार बनी जिसके कारण 500 साल बाद रामलला अपने जन्मस्थान पर विराजमान हुए हैं।



अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के कारण शहरों में विलुप्त हो रही हमारी सनातन संस्कृति को जागृत होने का अवसर मिला है। कथाओं के माध्यम से युवा पीढ़ी तक श्रीराम के संस्कार जा रहे हैं। इसके कारण युवाओं में माता-पिता के लिए सम्मान बढ़ेगा।।

वहीं देवकीनंदन महाराज ने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य हम संघ के संगठन मंत्री रहे हैं। रामजन्मभूमि आन्दोलन से हम एक ही नारा लगाते आए हैं। 'मथुरा, काशी और अयोध्या तीनों लेंगे एकसाथ। अयोध्या में श्रीराम मंदिर बन गया है, एएसआई रिपोर्ट के बाद काशी में भी हर-हर महादेव हो गया है। देवकीनंदन महाराज ने कहा कि अब तो दिशा मथुरा की ओर ही है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण से 500 वर्ष का कलंक हट गया है। श्री राम के आने से हर सच्चा सनातनी खुश है। उन्होंने कहा कि जब राजा धर्मात्मा होता है तो प्रजा भी धर्म को मानने वाली बन जाती है। जिस पर राम नाम का धन है, वह सब से बड़ा धनवान है। जिसके पास राम नाम का धन नहीं उससे बड़ा कंगाल कोई नहीं। कथा के मुख्य यजमान बृजेश पाठक ने सभी का स्वागत करते हुये आभार व्यक्त किया।

### अयोध्या में बनेगा 100 कमरे का रिजॉर्ट, अमेरिकी कंपनी व पर्यटन विभाग के बीच हुआ एमओयू

**लखनऊ/अयोध्या।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं और पर्यटकों को सुविधा देने के लिए हॉस्पिटैलटी आतिथ्य क्षेत्र में निवेश भी बढ़ रहा है। 27 जनवरी को पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्रा की उपस्थिति में पर्यटन भवन में अमेरिकी फर्म मेसर्स अंजलि इनवेस्टमेंट एलएलसी के साथ अयोध्या में 100 कमरे वाले रिजॉर्ट निर्माण के लिए एग्रीमेंट एमओयू हुआ। इस रिजॉर्ट के बनने से अयोध्या आने वाले पर्यटकों और अतिथियों के लिए सुविधाएं बढ़ेंगी, जिससे पर्यटकों को उच्चतम सुविधाएं मिलेंगी व क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी बताया कि रिजॉर्ट में निवेश करने वाली अमेरिकी रियल एस्टेट कंपनी के मालिक रमेश नांगूरनूरी, जो मूल रूप से हैदराबाद के रहने वाले हैं और वर्तमान में अमेरिका में रियल एस्टेट का कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि राम मंदिर उद्घाटन के बाद अयोध्या में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए यहां रिजॉर्ट में निवेश का फैसला किया है। इसके लिए जमीन भी चिन्हित कर ली गई है। उत्तर प्रदेश पर्यटन से एमओयू हुआ है, अब जल्द ही इसपर काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग की निवेश पॉलिसी निवेशकों के लिए अनुकूल है।पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है।

### रहीमाबाद में चोरों ने लाखों का जेवर-नगदी उड़ाया

**लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में चोरों ने शुक्रवार की रात अंधेरे में घर के अंदर घुस गए और लाखों के जेवरात समेत नगदी को चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से करते हुए चोरों को पकड़े जाने की मांग की है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गहदों में सुधीर कुमार श्रीवास्तव के घर शुक्रवार देर रात अज्ञात चोर दाखिल हो गए। सुबह जब घर वाले सो कर उठे तो कमरे का ताला सहित बक्से और अलमारी का भी लाकर टूटा पड़ा था।












### मेदांता में सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग व इलाज की सुविधाएं उपलब्ध

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के मुख का कैंसर है और इसका मुख्य कारण एचपीवी वायरस है, जो कि यौन संचारित संक्रमण है। सर्वाइकल कैंसर धीमे–धीमे कई वर्षों में विकसित होता है अतः पेप स्मीयर नामक स्क्रीनिंग टेस्ट से और नियमित स्त्री रोग संबंधित जांच से अधिकांश मामलों में शुरुआती दौर में ही इसका पता लगाया जा सकता है। यदि आप का पैप स्मीयर टेस्ट असामान्य आता है तो आगे का परीक्षण आवश्यक है। इसमें एचपीवी परीक्षण या बायोप्सी भी करानी पड़ सकती है। मेदांता अस्पताल लखनऊ डायरेक्टर प्रसूति और स्त्री रोग की डॉ नीलम विनय के निर्देशन में एचपीवी वैक्सीनेशन, सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग व इलाज की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। कैंसर पाए जाने पर अस्पताल में सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी और इम्यूनोथेरेपी की सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं।

# ऑलवेल मेडिकल सेंटर की बाह्य रोगी चिकित्सा सुविधा का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** ऑलवेल मेडिकल सेंटर को अपनी बाह्य रोगी चिकित्सा सुविधा के भव्य उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।



अत्याधुनिक सुविधा लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच और सुविधा को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। यह रणनीतिक रूप से गोमतीनगर क्षेत्र में स्थित है और डायलिसिस देखभाल, त्वचाविज्ञान और चिकित्सा सहित चिकित्सा सेवाओं की व्यापक श्रृंखला प्रदान करेगा। रोगी केंद्रित देखभाल के अपने आदर्श वाक्य के साथ, ऑलवेल हेल्थकेयर सुविधा का लक्ष्य एक सुव्यवस्थित और वैयक्तिकृत स्वास्थ्य सेवा अनुभव प्रदान करना है जो प्रत्येक व्यक्ति की भलाई और आराम को प्राथमिकता देता है। हम किडनी रोग के रोगियों की देखभाल के लिए एक नया दृष्टिकोण ला रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जो स्वास्थ्य मंत्रालय के भी प्रमुख है, इस अवसर पर मुख्य अतिथि बनने के लिए सहमत हो गए हैं।

# युवतियों से कार सवार युवकों ने की अभद्रता, तोड़ा मोबाइल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बहन व सहेलियों के संग कार से जा रहे युवक को दूसरे कार सवार आरोपी ने टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपी भाई को पीटने लगा। बहन ने घटना का वीडियो बनाया तो आरोपी ने मोबाइल छीन कर युवतियों से अभद्रता की। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोमती नगर थाना अंतर्गत कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी निवासी राघवेन्द्र कुमार सिंह एलएलबी के छात्र हैं। उन्होंने बताया वह अपनी बहन और उसकी सहेलियों को कार से लुलु मॉल लेकर जा रहे थे। रास्ते में समता मूलक चौराहा के समीप सामने से आयी दूसरी कार ने टक्कर

**भीड़ एकत्रित होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भागा**

मार दी। विरोध करने पर आरोपी कार सवार गाली गलौज करते हुये उसे खींचकर पीटने लगा। उसकी बहन व सहेलियां घटना का वीडियो बनाने लगीं। तो आरोपी ने बहन का मोबाइल छीन उससे व सहेलियों से अभद्रता की। भीड़ एकत्रित होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकला। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कार नंबर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# माल पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** माल थानाक्षेत्र अन्तर्गत थावर गांव में हफ्ते भर पहले मिठाई विक्रेता अरूण यादव की हत्या किसी अन्य ने नहीं बल्कि उसके मौसेरे भाई सन्दीप ने की थी। वारदात को अन्जाम देने के बाद हत्यारोपी पुलिस के सामने आने से बचता रहा। शुक्रवार को माल पुलिस ने हत्यारोपी भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की तब उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। हत्यारोपी की निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है।गौरतलब है कि 17 जनवरी को माल के थावर गांव में रात 8:30 बजे अज्ञात हमलवारों ने मिठाई विक्रेता अरुण यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। भाई सनी यादव की लिखित शिकायत पर माल पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझा रही पुलिस ने पुरानी दुश्मनी समेत अवैध सम्बन्ध से जुड़े कई पहलुओं पर जांच करते हुए 30 लोगों को हिरासत में उठाया था।




















































# दुकानों का ताला काटकर नकदी व साड़ियां उठा ले गए चोर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के बलवापुर चौराहे पर देर रात को अज्ञात चोरों ने तीन दुकानों के शटर का ताला काट दिया। इसके बाद चोरों ने नकदी समेत ढाई लाख से अधिक की संपत्ति चोरी की। सुबह दुकान मालिकों की ओर से तहरीर दी गई है। रामगांव थाना क्षेत्र के बलवापुर चौराहे पर शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। दुकानों के शटर का ताला काटकर तीन दुकानों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। चौराहे पर स्थित मेडिकल स्टोर संचालक उमेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि शटर का ताला काटकर चोर अंदर दाखिल हुए। नगदी दवाओं सहित अन्य सामान चुरा ले गये। इसमें लगभग एक लाख का नुकसान हुआ है। इसी क्रम में गुरु प्यारे वर्मा के कपड़े की दुकान का ताला काटकर अंदर रखी दो गट्ठर साड़ियां सहित अन्य सामान चोरी हुआ है।कुछ कदम की दूरी पर एक पान की ढाबली का भी चोरों ने ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया है।पीड़ित दुकानदारों ने घटना की सूचना थाने पर दी है। सुबह सभी ने थाने पर चोरी की सूचना दी। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि चोरी की जानकारी हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।



**सीसीटीवी में कैद हुई चोरी:** रामगांव के बलवापुर चौराहे पर तीन दुकानों में हुई चोरी की घटना की कुछ तस्वीरें कैमरे में कैद हुई हैं। दुकानदारों ने फुटेज पुलिस को देकर कारवाई की मांग की है।

## वादी को तहसीलदार ने नहीं उपलब्ध कराई सूचना, लगाया जुर्माना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पयागपुर के तहसीलदार को एक आरटीआई कार्यकर्ता ने पत्र भेजकर आठ बिंदुओं पर सूचना मांगी थी। लेकिन तहसीलदार की ओर से न ही सूचना उपलब्ध कराई गई न ही वह आयोग में उपस्थित हुए। जिस पर राज्य सूचना आयुक्त ने 25 हजार का जुर्माना लगाया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के बनकटा गांव निवासी ननकऊ प्रसाद आईटीआई एक्टिविस्ट है। उन्होंने 14 अक्टूबर 2022 को तहसीलदार पयागपुर को पत्र भेज कर 8 बिंदुओं पर सूचना मांगी थी। लेकिन तहसीलदार की ओर से सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। इस पर आरटीआई कार्यकर्ता ने आयोग में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई।

# अपराधियों ने अधेड़ को चाकू मारकर किया घायल



▶ पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज बदमाशों के आगे पुलिस बेबस

**विशेश्वरगंज,बहराइच। समृद्धि न्यूज**

थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम बरानिजाम के मजरा मनिहारन पुरवा निवासी एक 55 वर्षीय अधेड़ मोहम्मद रईस को रात को घर के बाहर बरामदे में सोते समय तीन अज्ञात बदमाशों ने चाकू से गोदकर घायल कर दिया। रात में घायल को जिला चिकित्सालय बहराइच पहुंचाया गया। जहां हालत की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया। घायल की पत्नी जरीना ने स्थानीय थाने में तीन अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध तहरीर दिया है। ज्ञातव्य हो कुछ दिन पूर्व इसी गांव के पड़ोसी गांव मधिनगरा,कुरसहा निवासी एक वृद्ध को रात में ही बदमाशो ने मारपीट कर घायल कर दिया था,परंतु बदमाशों की तलाश पुलिस अभी तक नही कर पाई है।

इस दूसरी घटना ने पुलिस की नींद जरूर हराम कर दी है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राना ने बताया कि तहरीर के आधार पर 307 आईपीसी सहित समुचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है । आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## अधीक्षक को सीएमओ ने किया सम्मानित

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** परिवार नियोजन, सघन मिशन इंद्रधनुष, नियमित टीकाकरण समेत विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं में बेहतर कार्य के लिए तेजवापुर सीएचसी को प्रथम स्थान मिला। इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सतीश कुमार सिंह ने सीएचसी अधीक्षक डा. अभिषेक अग्निहोत्री को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीएचसी अधीक्षक डा. अभिषेक अग्निहोत्री ने बताया कि परिवार नियोजन, नियमित टीकाकरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समेत विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन किया। इसके लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीएमओ आफिस में सीएमओ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया हैं। इसके साथ - साथ बीसीपीएम रोहित वर्मा, बीपीएम अनुराधा कुशवाहा ,ब्लॉक एकाउंट मैनेजर अमित कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## छत से गिरकर किशोर की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रामपुर धोबियाहार गांव निवासी एक किशोर की शनिवार सुबह छत से नीचे गिरकर मौत हो गई। परिवार के लोगों का कहना है कि किशोर को बंदर ने छत से नीचे फेंक दिया। किशोर की मौत से परिवार के लोग विलख रहे हैं।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर धोबियाहार गांव निवासी अरविंद कुमार (15) पुत्र बुद्धीलाल शनिवार सुबह नौ बजे अपने छत पर चढ़ा। वहां एक बड़ा बंदर आ गया। बंदर ने अरविंद को देख हमले का प्रयास किया। पिता बुद्धीलाल का कहना है कि बंदर ने हमले के प्रयास में बेटे को छत से नीचे फेंक दिया। 15 फीट छत से नीचे गिरे किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। हालांकि गांव के लोगों का कहना है कि बंदर से बचने के लिए किशोर की नीचे गिरकर मौत हुई है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं है। चौकी इंचार्ज से जानकारी ले रहे हैं।

# सामूहिक विवाह में 79 जोड़ें एक सूत्र में बंधे

**विधायक सुभाष त्रिपाठी ने सभी वेदियों पर पुष्प वर्षा कर वर-वधु को दिया आशीर्वाद**

**विशेश्वरगंज,बहराइच। समृद्धि न्यूज**

शनिवार को बी आर सी कैंपस विशेश्वरगंज में हिंदू-मुस्लिम सद्भाव का गवाह बना। पंडाल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विधानसभा पयागपुर के तीनों विकास खंडों पयागपुर, हुजूरपुर तथा विशेश्वरगंज के कुल 79 जोड़ों ने शादी के बंधन में बंधकर नए जीवन की शुरुआत की।

कार्यक्रम में सौ जोड़ों का विवाह प्रस्तावित था परंतु 79 जोड़े ही पहुंच सके। एक पंडाल में मंत्रों उपचार के साथ फेरे हुए और दूसरी तरफ निकाह पढ़ाए गए।मुस्लिम समुदाय से 09 व हिंदू समुदाय से 70 जोड़ों ने सात जन्मों तक साथ में जीने मरने की कसमें खाई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक सुभाष त्रिपाठी ने सभी वेदियों पर पुष्प वर्षा कर वर वधु को आशीर्वाद दिया वर वधु को सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आवश्यक कपड़े, गहने,शादी से संबंधित अन्य आवश्यक सामग्री को प्रदान करवाकर विदा किया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार द्वारा इक्यावन हजार रु प्रति जोड़े के हिसाब से खर्च किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य पंडित के रूप में कृष्ण मोहन शुक्ल, निशंक त्रिपाठी, जिला गन्ना अधिकारी बहराइच, तीनों ब्लाक के खंड विकास अधिकारी ,खंड शिक्षा अधिकारी पयागपुर वीरेंद्र द्विवेदी, नोडल अधिकारी आनंद शुक्ला ,ग्राम सचिव,ग्राम प्रधानगण सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# जनपद में प्रतिभाओं की कमी नहीं : विधायक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि सतत मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है और यह सत्य कर दिखाया है बहराइच के रायपुर राजा मक्का पुरवा निवासी मनोज भारती ने। जैसे ही सदर विधायक को पता चला कि बहराइच निवासी मनोज भारती ने पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर एसडीएम रैंक हासिल की है उन्होंने उनके आवास पहुंचकर मेधा को सम्मानित कर माता पिता को बधाई और शुभकामनाएं प्रेसित की। सदर विधायक ने कहा कि बहराइच में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस उन्हें सिर्फ सही दिशा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज जहां इलेक्ट्रॉनिक युग चल रहा है वहां सुविधाएं मायने नहीं रखती प्रतिभावान छात्र सुविधाओं के अभाव में भी अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाते हुए मेहनत व लगन के बल पर सकारात्मक उद्देश्य के द्वारा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर एसडीएम सदर प्रिन्स वर्मा व कार्यकर्ताओं के साथ उनके आवास पर जाकर सदर विधायक ने मनोज भारती के माता-पिता व मित्रों को मिठाई खिलाकर सम्मानित कर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

# जिले में मनाया गया गणतंत्र दिवस, गीतों ने जागृत किया राष्ट्रप्रेम









**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

गणतंत्र दिवस जनपद में गरिमापूर्ण ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में सम्पन्न हुआ।

जहॉ पर जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा पुलिस परेड की सलामी ली गयी। जबकि पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला द्वारा कर्तव्य निष्ठा का सफलता पूर्वक निर्वहन करने के लिए शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द प्रसाद कुशवाहा व ग्रामीण के डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में आमजन एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि डीएम मोनिका रानी द्वारा पुलिस परेड का निरीक्षण किया गया तथा सलामी ली गयी। डीएम ने कहा कि आज हमारे पास व्यवस्था एवं शासन के साथ-साथ विश्व का सबसे मज़बूत लोकतन्त्र है।

उन्होंने कहा कि आज देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विश्व का नेतृत्व करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में बेहतर कानून एवं शान्ति व्यवस्था के लिए पुलिस बल बधाई के पात्र हैं। प्रदेश के बेहतर कानून एवं शान्ति व्यवस्था का परिणाम है कि इन्वेस्टर्स की पहली पसन्द उत्तर प्रदेश है।

पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं पुलिस माडर्न स्कूल, सेन्ट नार्बर्ट इण्टर कालेज, एम्स स्कूल, बाल शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज व सेवेन्थ डे विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन आरक्षी प्रशान्त पाण्डेय द्वारा किया गया।

### रुपईडीहा में धूम से मनाया गया गणतन्त्र दिवस

रुपईडीहा नगर पंचायत एवं आसपास के क्षेत्र में बड़ी धूम से गणतन्त्र दिवस समारोह आयोजित हुआ।सबसे पहले नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, जहां सभासद गण के साथ साथ नगर के गणमान्य लोग मनीराम शर्मा, सन्तोष अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, डॉ सनत्कुमार शर्मा एवं हाजी अब्दुल रहीम आदि उपस्थित रहे। रुपईडीहा टैक्सी ओनर्स एसोसिएशन, आदर्श थाना रुपई डीहा, सशस्त्र सीमाबल पोस्ट रुपईडीहा,सरस्वती शिशु मंदिर रुपई डीहा सहित सभी शिक्षण संस्थानों में धूम से गणतन्त्र दिवस समारोह आयोजित हुआ। ध्वज फहराया गया और विद्यार्थियों.द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

पुलिसकर्मी व वीर नारियां गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में आयोजित समारोह में सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के साथ संयुक्त रूप से जनपद के उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा शहीद परिवारों व वीर नारियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान किया गया। समारोह के दौरान से.नि. सहा. रेडियो अधिकारी मिश्री लाल शुक्ला को राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक, मुख्य आरक्षी अर्जुन प्रसाद यादव को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा पदक, निरीक्षक जयदीप दुबे, मुख्य आरक्षी हरिकेश यादव, यशपाल शर्मा, रमाशंकर यादव, भोला यादव व अनूप विक्रम सिंह व आरक्षी प्रभुनाथ चौहान को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट सेवा पदक तथा उप निरीक्षक दीवान असलम खां को पुलिस महानिदेशक उ.प्र. द्वारा रजत पदक प्रदान किया गया। इस अवसर पर शहीद पुलिस परिवार की वीर नारियों व परिजनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# डॉक्टर पर लगा हत्या का आरोप, मुकदमा दर्ज

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

शहर के सर्कुलर रोड स्थित एक निजी हास्पिटल में काम करने वाले युवक की हत्या कर उसका शव रेलवे स्टेशन के करीब ट्रैक पर फेंक दिया गया।सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में मृतक के परिजनों ने अस्पताल के डाक्टर पर हत्या का आरोप लगाया है और परिजनों ने डीएम से मिलकर डाक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया है गणतंत्र दिवस के दिन हुई हत्या की इस वारदात से जिले में हड़कंप मचा है।परिजनों ने आरोपी डाक्टर दीपक सिंह के खिलाफ जीआरपी थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। वही मृतक अंकित तिवारी मोतीगंज थाना क्षेत्र से अचलपुर गांव का रहने वाला अंकित तिवारी (23) नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित नारायणा हॉस्पिटल में काम करता था। वही परिजनों के मुताबिक सात बजे के आसपास अंकित ने अपने पिता के मोबाइल पर फोन पर बात भी की थी लेकिन एक घंटे से अधिक का समय बीत जाने पर जब वह घर नहीं पहुंचा तो पिता अनिल तिवारी ने फिर उसके मोबाइल पर फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। फोन न रिसीव होने पर शंका हुई तो परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे।तो अंकित के बारे जानकारी करने पर डाक्टर ने बताया कि वह घर जा चुका है लेकिन जब परिजनों ने घर न पहुंचने की बात कही तो डाक्टर ने जीआरपी से संपर्क करने के लिए कहा। परिजन जीआरपी पहुंचे तो उन्हें वारदात का पता चला। इस अप्रत्याशित सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। वही परिजनों का आरोप है कि डाक्टर ने अपने साथियों संग मिलकर पहले अंकित की हत्या की और फिर उसका शव ले जाकर रेलवे स्टेशन के करीब ट्रैक पर रख दिया।परिजनों ने आरोपी डॉक्टर दीपक सिंह के खिलाफ हत्या रेलवे गोण्डा जीआरपी में आरोपी डॉक्टर दीपक सिंह और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।





**चार बहनों में इकलौता भाई था अंकित:** मृतक अंकित तिवारी अचलपुर का रहने वाला मृतक अंकित अपने पिता का इकलौता बेटा था और चार बहनों का अकेला भाई था। अंकित की मौत से पूरा परिवार स्तब्ध है। परिजनों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है और सभी रो रो कर बेहाल हैं।

### डॉक्टर ने की आत्महत्या

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक 35 वर्षिय डॉक्टर ने घर मे फाँसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर कालोनी गरीबी पुरवा निवासी देवी दयाल पुत्र श्याम लाल ने घर मे फाँसी छत से फाँसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। देवी दयाल आयुर्वेदिक का प्राइवेट डॉक्टरी करता था। घर के पारिवारिक कलह को लेकर फाँसी लगा लिया।

## प्राचार्य अवस्थी को मिला पीएचडी अवार्ड की उपाधि



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** पं.जमुना प्रसाद कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के प्राचार्य दिलीप कुमार अवस्थी को फार्मेसी विधा में पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि मिली। दिलीप कुमार अवस्थी ने अपना शोध डिज़ाइन फार्मूलेशन डेवलपमेंट एंड इवैल्यूएशन ऑफ़ ट्रांसडर्मल कंट्रोल्ड रिलीज़ ड्रग डिलीवरी सिस्टम कंटेनिंग एंटी हाइपरटेंसिव एजेंट पर डॉ. संगमेश बी. पुरानिक के निर्देशन में पूरा किया।

# 116 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति रिवाज से संपन्न

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह विकासखंड बभनजोत परिसर में तहसील मनकापुर के समस्त विकासखण्ड के लाभार्थियों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत विवाह कराया गया है। जिसमें 06 अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को इस्लामिक पद्धति द्वारा निकाह कराया गया व 110 जोड़ें को हिन्दू रीति रिवाज से विवाह कराया गया। उन्होंने बताया है कि मुख्य अतिथि द्वारा वैवाहिक जोड़ों को 10 हजार रूपये का सामान (डिनर सेट, साड़ी 02 सेट, पैन्ट - शर्ट का कपड़ा 01 सेट, ट्राली बैग, दीवाल घडी, प्रेशर कूकर, चांदी की पायल बिछिया) उपहार स्वरूप भेट करते हुए कहा कि धनाभाव के कारण अब किसी गरीब लड़की के हाथ पीले होने से नहीं बचेगें तथा 116 जोड़ों को सामूहिक विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।सांसद गोण्डा कीर्ति वर्धन सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सभी जोड़ों को वैवाहिक जीवन की शुभ कामनायें देते हुए कहा कि यह योजना सरकार की बहुत अच्छी योजना है। साथ में यह भी अवगत कराना है कि तहसील तरबगंज के समस्त विकासखंडों का 29 जनवरी को नवाबगंज सामूहिक विवाह कार्यक्रम न्यू मैरिज हाल में कराया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, खण्ड विकास अधिकारी बभनजोत, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण बभनजोत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बभनजोत सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।




## रंजिश को लेकर दो सगे भाई भिड़े, छह घायल

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में रंजिश को लेकर दो सगे भाई आपस मे भिड़ गये और जमकर लाठी डंडा चलाया जिस में आधा दर्जन लोग दोनो तरफ से घायल हो गए। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के भुल भुलिया गांव के निवासी 50 वर्षिय सुनीता देवी पत्नी फूल चन्द्र, 35 वर्षिय लल्लू फूल चन्द्र , 40 वर्षिय राम गोपाल पुत्र हनुमान प्रसाद दूसरे पक्ष से बृज मोहन 30 वर्षिय पुत्र हनुमान प्रसाद , 45 वर्षिय गुलाब वती पत्नी राम किशुन , 15 वर्षिय विट्टू कुमारी पुत्री राम किशुन को चोट लगी है।

**सम्मान** — सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मानित हुए पुलिस अधिकारी व छात्र-छात्राएं

# कैम्प कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट में डीएम ने किया ध्वजारोहण

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में 75वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कैंप कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया। कलेक्ट्रेट में डीएम ने राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया, इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत विगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राजकीय चिकित्सालय सीएचसी मुजेहना तथा एसपीएम नर्सिंग कालेज डा0 ओएन पाण्डेय को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुक्त देवीपाण्टन मण्डल योगेश्वर राम मिश्र ने ध्वजारोहण के उपरान्त परेड कमान्डर सीओ शिल्पा वर्मा के नेतृत्व में शानदार परेड की सलामी ली तथा पुलिस विभाग की विभिन्न टोलियों एवं झांकियों का अवलोकन किया। बतोर मुख्य अतिथि आयुक्त ने आजादी की लड़ाई में अपना रक्त बहाने और प्राणों की आहुति देने वाले सभी शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश अमर शहीदों के बलिदान को कभी भुला नहीं पाएगा। इसके लिए हम सबको उनके बताए हुए मार्गों का अनुकरण कर अपने में आत्मसात करने की जरूरत है तभी हमारा राष्ट्र तरक्की कर पाएगा। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। आयुक्त, डीआईजी, डीएम व एसपी, सीडीओ द्वारा उत्साहवर्धन करते हुए छात्र-छात्राओं को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं शानदार परेड व झांकियों के आयोजन पर परेड कमांडर शिल्पा वर्मा के साथ कई अन्य पुलिस अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमरेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, नगर मजिस्ट्रेट चन्द्र शेखर सहित अन्य बुद्धिजीवी वर्ग, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी, पत्रकार बंधु तथा विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकगण व बच्चे उपस्थित रहे।



### सीडीओ ने किया ध्वजारोहण

आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र ने कमिश्नरी में तथा जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया। आयुक्त श्री मिश्र ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय गणराज्य का संकल्प दिलाया। इसके बाद आयुक्त सभागार में उन्होंने कहा कि देश आज 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इसके लिए हम सबको ईमानदारी से रचनात्मक कार्य करने की आवश्यकता है। गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने ध्वजारोहण, संकल्प दोहराने और गार्ड ऑफ आनर की सलामी के उपरान्त आयोजित समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जो भी जिम्मेदारी सरकार द्वारा उन्हें सौंपी गई हैं उसका वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करें जिससे देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो, यही अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि हम सरकारी सेवकों के पटलों पर अपनी फरियाद लेकर आने वाले व्यक्ति के स्थान पर स्वयं को रखकर यदि हम सोचें तो हमें वास्तव में अपने कर्तव्य का बोध होगा और अपनी कमियां भी पता चलेंगी, इसलिए हमें जहां भी जिस क्षेत्र में सेवा के लिए जो भी दायित्व मिला है उसका ठीक प्रकार से निर्वहन हो और लोगों को उनका हक मिले, इसके लिए प्रयास करें तो यही वास्तविक गणतंत्र होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट चन्द्र शेखर, अपर उपजिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता तथा जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा देश भक्ति के गीतों का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया। समारोह के दौरान प्रशासनिक अधिकारी नईम अहमद, नाजिर कलेक्ट्रेट वीरेंद्र कुमार तिवारी, मनमोहन अरोड़ा, संदीप तिवारी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं का नियमन

हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से सरकारी अस्पतालों के कतिपय चिकित्सकों के व्यवहार के नियमन की पहल निस्संदेह रोगियों व उनके परिजनों के लिए राहतकारी साबित होगी। स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के महानिदेशक की ओर से जारी लिखित हिदायतों में सरकारी अस्पतालों में कार्यरत सिविल सर्जनों को आगाह किया गया है कि वे मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार के लिये बाध्य करने की प्रवृत्ति से बचें। दरअसल, इस तरह के मामलों में साठ से अधिक शिकायतें आई थीं कि डॉक्टर निजी लाभ के लिये मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार करने को बाध्य कर रहे हैं। संस्तुति किये गए अस्पतालों में चिकित्सकों के निहित स्वार्थ भी शामिल हैं। आरोप लगाया गया है कि चिकित्सकों के परिजनों द्वारा निजी अस्पताल चलाए जा रहे हैं, जिनमें इलाज करवाने के लिये मरीजों को बाध्य किया जाता रहा है। विभाग ने राज्य के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को ऐसे मामलों में जांच करने के निर्देश भी दिये हैं। साथ ही कहा गया कि उन चिकित्सकों की सूची तैयार की जाए जो मरीजों को निजी चिकित्सालयों में उपचार के लिये बाध्य करते हैं। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग की आंतरिक जांच रिपोर्ट में भी इस बात का खुलासा हुआ है कि कई सरकारी चिकित्सा निजी प्रैक्टिस भी करते हैं। कतिपय चिकित्सकों पर मरीजों के साथ अनुचित व्यवहार करने के भी आरोप लगे हैं। निश्चिय ही यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व आम लोग ही उपचार के लिये बड़ी उम्मीद से सरकारी अस्पतालों में जाते हैं। यदि उन्हें यहां भी उचित उपचार व सम्मानजनक व्यवहार न मिले तो फिर वे कहां जाएंगे। हालांकि, यह भी हकीकत है कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक भी भारी दबाव में काम करते हैं क्योंकि सरकारी अस्पतालों में मरीजों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन उस अनुपात में चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता नहीं है। कमोबेश यही स्थिति अन्य चिकित्सा सुविधाओं की भी है। लेकिन यहां यह महत्वपूर्ण है कि लोग बड़े विश्वास से सरकारी अस्पतालों में जाते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग उनमें ज्यादा होते हैं। भारतीय समाज में डॉक्टरों को दूसरा भगवान कहा जाता है। मरीजों का उनमें गहरा विश्वास होता है। दरअसल, मरीज एक तो बीमारी की त्रासदी से जूझ रहा होता है, जिसमें अच्छे व्यवहार और उपचार की उम्मीद होती है। यदि ऐसे में उसे महसूस हो कि उसके साथ न्याय नहीं हो रहा है तो यह दुखद ही है। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के महानिदेशक के निर्देश सकारात्मक पहल ही है। जिससे चिकित्सकों की जवाबदेही तय की जा सकेगी। इतना ही नहीं सरकार की पहल से चिकित्सातंत्र पर मरीजों का भरोसा बढ़ेगा कि सरकार उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर है। विश्वास किया जाना चाहिए कि चिकित्सकों द्वारा व्यवस्था में सुधार की दिशा में बेहतर सहयोग मिलेगा। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी उन कारणों की पड़ताल करनी चाहिए जिसमें कतिपय चिकित्सक अनुचित व्यवहार करते हैं। उनकी समस्याओं को भी सुना जाना चाहिए। साथ ही सरकारी चिकित्सालयों में तमाम चिकित्सा सेवाओं के आधुनिकीकरण, पर्याप्त चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे जहां मरीज व चिकित्सक अनुपात में सुधार हो सके। वहीं यदि अस्पताल में तमाम आधुनिक सुविधाएं व दवाइयां उपलब्ध होंगी, तो मरीजों को निजी चिकित्सालयों की शरण में जाने को मजबूर नहीं किया जा सकेगा।

**1890 से 1900 के बीच देश के अनेक स्थानों पर किसी महामारी का प्रकोप आया। लालाजी ने इस पीड़ित मानवता की सेवा के लिये और अनेक स्थानों पर शिविर लगाए और स्वयंसेवकों की टोलियां बनाकर पीडितों की सेवा की। 1893 में अखिल भारतीय कांग्रेस का अधिवेशन लाहौर में हुआ। इसकी अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की। लालाजी इस अधिवेशन में कांग्रेस के सदस्य बने और समाज सेवा के साथ वे राजनैतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हुये। कांग्रेस का यह पहला अधिवेशन ऐसा था, जिसमें स्वतंत्रता की भी बात उठी और इस बात को उठाने वाले लाला लाजपतराय थे। पर तब इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। चूंकि कांग्रेस तब नागरिक अधिकार और समानता की ही बात कर रही थी। जब कांग्रेस अधिवेशन में स्वायत्ता पर एकराय न बन सकी तो लालाजी ने नौजवानों को संगठित कर स्वायत्ता का वातावरण बनाने का अभियान छेड़ा।**

# स्वत्व स्वाभिमान और राष्ट्र के लिए जीवन समर्पित



**(लाला लाजपतराय की जयंती 28 जनवरी पर विशेष)**

**लालाजी चाहते थे कि भारतीय नौजवान अपने इतिहास के महापुरुषों और आदर्श चरित्र को समझें। उन्होंने स्वयं साहित्य रचना की इन रचनाओं में शिवाजी महाराज, भगवान श्रीकृष्ण, मैजिनी, गैरिबॉल्डी एवं कई अन्य महापुरुषों की जीवनी हिन्दी में लिखीं। उन्होंने देश में और विशेषतः पंजाब में हिन्दी के प्रचार-प्रसार का भी अभियान चलाया। देश में संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी को स्थापित करने के लिये एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया और संकल्प पत्र भी भरवाये। इसी आंदोलन के बाद त्रिदेवों एक टोली बनी जिसमें लाजपतराय, विपिन चंद्र पाल बाल गंगाधर तिलक थे। इस टोली को इतिहास ने लाल, बाल, पाल के नाम से जाना।**

**रमेश शर्मा**

स्वाधीनता संघर्ष केवल राजनैतिक या सत्ता के लिये ही नहीं होता। वह स्वत्व, स्वाभिमान, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानसिक अस्मिता के लिये भी होता है। इस सिद्धांत के लिये अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले थे पंजाब केसरी लाला लाजपतराय। उनका जन्म 28 जनवरी 1865 को फिरोजपुर में हुआ था। उनका परिवार आर्यसमाज से जुड़ा था। अपने क्षेत्र के सुप्रसिद्ध व्यवसायी उनके पिता मुंशी राधा कृष्ण आजाद संस्कृत के विद्वान थे, उन्हें फारसी और उर्दू का भी ज्ञान था। माता गुलाब देवी भी विदुषी थीं। सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण के संस्कार लाला लाजपतराय को बचपन से मिले थे।

आर्य समाज से संबंधित होने के कारण वे अपनी बात को तथ्य और तर्क के साथ रखना उनके स्वभाव में आ गया था। घर में आध्यात्मिक और धार्मिक पुस्तकों का मानों भंडार था। इनके अध्ययन के साथ उन्होंने वकालत की परीक्षा उत्तीर्ण की और रोहतक तथा हिसार आदि नगरों में वकालत की। वे जहां भी रहे, उन्होंने ऐसी टोलियां बनाईं और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का प्रतिकार किया। सामाजिक और वकालत के जीवन में प्रतिकार का यह दायरा और बढ़ा। वे असामाजिक तत्वों के साथ शासकीय कर्मचारियों द्वारा जन सामान्य के साथ किये जाने वाले शोषणपूर्ण व्यवहार का भी खुलकर प्रतिकार करते थे। इससे उनकी ख्याति बढ़ी। इससे वे लोकप्रिय हो गये। निजी जीवन में उन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती से विधिवत दीक्षा ली और आर्य समाज के विस्तार में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने लाला हंसराज एवं कल्याण चन्द्र दीक्षित के साथ मिलकर महर्षि दयानन्द एंग्लो वैदिक विद्यालयों की मानो एक श्रृंखला ही स्थापित की। इनमें से अनेक संस्थान आज भी संचालित हैं। आज इन्हें डीएवी स्कूल्स व कालेज के नाम से जाना जाता है।

1890 से 1900 के बीच देश के अनेक स्थानों पर किसी महामारी का प्रकोप आया। लालाजी ने इस पीड़ित मानवता की सेवा के लिये और अनेक स्थानों पर शिविर लगाए और स्वयंसेवकों की टोलियां बनाकर पीडितों की सेवा की। 1893 में अखिल भारतीय कांग्रेस का अधिवेशन लाहौर में हुआ। इसकी अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की। लालाजी इस अधिवेशन में कांग्रेस के सदस्य बने और समाज सेवा के साथ वे राजनैतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हुये। कांग्रेस का यह पहला अधिवेशन ऐसा था, जिसमें स्वतंत्रता की भी बात उठी और इस बात को उठाने वाले लाला लाजपतराय थे। पर तब इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। चूंकि कांग्रेस तब नागरिक अधिकार और समानता की ही बात कर रही थी। जब कांग्रेस अधिवेशन में स्वायत्ता पर एकराय न बन सकी तो लालाजी ने नौजवानों को संगठित कर स्वायत्ता का वातावरण बनाने का अभियान छेड़ा।

लालाजी चाहते थे कि भारतीय नौजवान अपने इतिहास के महापुरुषों और आदर्श चरित्र को समझें। इसके लिये उन्होंने स्वयं साहित्य रचना की इन रचनाओं में शिवाजी महाराज, भगवान श्रीकृष्ण, मैजिनी, गैरिबॉल्डी एवं कई अन्य महापुरुषों की जीवनी हिन्दी में लिखीं। उन्होंने देश में और विशेषतः पंजाब में हिन्दी के प्रचार-प्रसार का भी अभियान चलाया। देश में संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी को स्थापित करने के लिये एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया और संकल्प पत्र भी भरवाये। अंग्रेजों ने जब साम्प्रदायिक आधार पर बंगाल का विभाजन किया गया था तो लाला लाजपत राय ने बंगाल के सुप्रसिद्ध नेताओं सुरेंद्रनाथ बनर्जी और विपिनचंद्र पाल से मिलकर पूरे देश में एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया। इसी आंदोलन के बाद त्रिदेवों एक टोली बनी जिसमें लाजपतराय, विपिन चंद्र पाल बाल गंगाधर तिलक थे। इस टोली को इतिहास ने लाल, बाल, पाल के नाम से जाना। इस तिकड़ी ने मानो ब्रिटिश शासन की नाक में दम कर दिया था।

इस टोली ने स्वतंत्रता संग्राम में वो नये नये नारे दिये, असहमति और विरोध के स्वर मुखर किये तथा भारतीय समाज में स्वत्व और स्वाभिमान जागरण का अभियान चलाया । इसके चलते इस लाल-बाल-पाल को पूरे देश में भारी समर्थन मिला। स्वदेशी अपनाने और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की अपील 1906 में इसी तिकड़ी ने की थी जिसे बाद में गांधी जी ने अपनाया। ब्रिटेन में तैयार हुए सामान का बहिष्कार और व्यावसायिक संस्थाओं में हड़ताल का यह क्रम 1906 से ही आरंभ हो गया था। लालाजी के विचारों में स्पष्टवादिता थी। वे स्वावलंबन और स्वाधीनता की बात खुलकर करते थे। कांग्रेस में एक समूह ऐसा था जो नागरिक सम्मान और नागरिक अधिकार की बात तो करता था किन्तु स्वाधीनता की बात खुलकर नहीं करता था। इसलिये तब कांग्रेस में दो दल माने गये। एक नरम दल और दूसरा गरम दल। लालाजी गरम दल के नेता थे। वे इसी नाम से लोकप्रिय हुए। लाला लाजपत राय अक्टूबर 1917 में अमेरिका गए, वहां उन्होंने न्यूयॉर्क में इंडियन होम रूल लीग ऑफ अमेरिका नामक संगठन की स्थापना की। यह संगठन अमेरिका में भारतीय जनों की स्वाधीनता की आवाज उठाने का माध्यम बना।

लालाजी तीन साल अमेरिका रहे। उन्होने वहाँ रहने वाले भारतीयों और भारतीय जनों से सद्भाव रखने वाले लोगों को जोड़ा। तीन साल बाद फरवरी 1920 को लाला जी भारत लौटे। वे देशवासियों के महान नायक बन चुके थे। 1920 में उन्होंने कलकत्ता में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में एक खास सत्र की अध्यक्षता की। जलियांवाला बाग हत्याकांड के खिलाफ उन्होंने पंजाब में एक बड़ा आंदोलन किया। उन्होंने पंजाब में 1920 में असहयोग आंदोलन का नेतृत्व किया।

## विचार

# प्राण प्रतिष्ठा में मुसलमानों की उपस्थिति के संदेश

**आर.के. सिन्हा**

**वे सब धर्मों का सम्मान करने में यकीन करते हैं। मौलाना उमेर इलियासी की शख्सियत पर महात्मा गांधी का असर साफ दिखाई देता है। वे कहते हैं कि गांधी जी उनके गुरुग्राम के गांव घसेरा के पुश्तैनी घर में 19 अगस्त, 1947 को आए थे। वहां पर उनका मौलाना उमेर के दादा चौधरी मुनीरउद्दीन साहब और सैकड़ों लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया था। गांधीजी ने गांवों वालों को हिदायत दी थी कि वे पाकिस्तान नहीं जाएंगे। गांववालों ने उनकी बात मानी थी।**

अयोध्याधाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रख्यात मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना उमेर इलियासी समेत बहुत सारे मुसलमान धर्म गुरुओं की और फिल्म कलाकारों, गायकों, कलाकारों और शहाबुद्दीन हुसैन जैसे राज नेताओं की उपस्थिति सुकून देने वाली थी। इनका भगवान श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को निर्विघ्न पूर्ण करवाने में पूरा नैतिक समर्थन रहा। इन्होंने अपनी उपस्थिति से यह भी संदेश दिया कि देश के बहुसंख्यक और पढ़े-लिखे समझदार मुसलमान अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण का समर्थन करते हैं।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद अखिल भारतीय इमाम संगठन के मुख्य इमाम मौलाना इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि वास्तव में यह ही नए भारत का चेहरा है। हमारा सबसे बड़ा धर्म मानवता है। हमारे लिए राष्ट्र पहले है। यह बदलते भारत की तस्वीर है। आज का भारत नवीन भारत, आज का भारत उत्तम भारत, मैं यहां पैगाम-ए-मोहब्बत लेकर आया हूं। हमारी इबादत करने के तरीके अलग जरूर हो सकते हैं, पूजा पद्धति जरूर अलग हो सकती है, हमारी आस्थाएं जरूर अलग हो सकती है, लेकिन हमारा जो सबसे बड़ा धर्म है वह इंसान और इंसानियत का है। अब यह जानना जरूरी है कि मौलाना उमेर इलियासी कौन हैं? कुछ समय पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के अध्यक्ष मोहन भागवत की मौलाना उमेर अहमद इलियासी से मुलाकात के बाद उनके बारे में जानने वालों की तादाद चक्रवृद्धि ब्याज की तरह से बढ़ी है। वे राजधानी में इंडिया गेट से लगभग सटी गोल मस्जिद के इमाम हैं। वे इस्लाम के विद्वान तो हैं ही, बड़ी बात ये है कि उन्होंने अन्य धर्मों का भी हिंदू धर्म का भी गहन अध्ययन किया हुआ है। उनके जीवन का अटूट हिस्सा है सर्वधर्म समभाव।

वे सब धर्मों का सम्मान करने में यकीन करते हैं। मौलाना उमेर इलियासी की शख्सियत पर महात्मा गांधी का असर साफ दिखाई देता है। वे कहते हैं कि गांधी जी उनके गुरुग्राम के गांव घसेरा के पुश्तैनी घर में 19 अगस्त, 1947 को आए थे। वहां पर उनका मौलाना उमेर के दादा चौधरी मुनीरउद्धीन साहब और सैकड़ों लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया था। गांधीजी ने गांवों वालों को हिदायत दी थी कि वे पाकिस्तान नहीं जाएंगे। गांववालों ने उनकी बात मानी थी।

मौलाना उमेर इलियासी राजघाट में होने वाले सर्वधर्म सम्मेलनों में लगातार पहुंचते हैं। बहुत ही प्रखर वक्ता हैं। वे जब कुरआन के साथ गीता और बाइबल से भी उदाहरण देकर अपनी बात रखते हैं तो श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। गोल मस्जिद में एक जमाने में इंदिरा गांधी जी भी आया करती थीं। तब इस मस्जिद के इमाम मौलाना जमील इलियासी थे। वे मौलाना उमेर अहमद इलियासी के पिता थे। वे भी राष्ट्रवादी मुसलमान थे। उन्हें इंडिया गेट का फकीर भी कहा जाता था। शायद इसलिए क्योंकि गोल मस्जिद इंडिया गेट से चंद कदमों की दूरी पर है। उन्होंने गोल मस्जिद में हरेक फकीर या भूखे इंसान के लिए भोजन की व्यवस्था की रिवायत शुरू की थी। उसे मौलाना उमेर इलियासी ने अपने वालिद के 2010 में इंतकाल के बाद आगे बढ़ाया। मौलाना उमेर इलियासी साफ कहते हैं कि उनके पुरखे हिन्दू ही तो थे। वे तो यहां तक कहते हैं कि वे भगवान कृष्ण के वंशज हैं। उनका परिवार करीब दो-ढाई सौ साल पहले इस्लाम स्वीकार कर चुका है। वे मानते हैं कि इस्लाम का रास्ता सच्चाई, अमन और भाई चारे की तरफ लेकर जाता है।

इस्लाम में किसी के लिए कोई नफरत का भाव नहीं है। इस्लाम समता के हक में खड़ा होता है। मौलाना उमेर इलियासी की स्कूली शिक्षा राजधानी के पंडारा रोड के सरकारी स्कूल में हुई। पर उम्र बढ़ी तो उनका रास्ता बदल गया। पिता मौलाना जमील इलियासी ने उन्हें अपने साथ जोड़ लिया। उन्हें अपने उत्तराधिकारी के रूप में प्रशिक्षित किया। वे मानते हैं कि भारत में शांति के लिए वे कुछ भी कर सकते हैं। उनकी इसी सोच का नतीजा है कि गोल मस्जिद में ईद और दिवाली पर आलोक सज्जा होती है। दीपोत्सव अंधकार से प्रकाश की तरफ लेकर जाने वाला अनोखा त्योहार है। ये भारत की धरती का पर्व है। गोल मस्जिद में सब मिलकर दीये जलाते हैं और बनाते हैं रंगोली। अंधकार व्यापक है, रोशनी की अपेक्षा। क्योंकि, अंधेरा अधिक काल। दिन के पीछे भी अंधेरा है रात का। दिन के आगे भी अंधेरा है रात का। भारत के लाखों मुसलमान भी दिवाली को मनाते हैं। वे दिवाली पर अपने घरों- दफ्तरों की सफाई करने के अलावा चिराग जलाते हैं।

सच में प्रकाश और रोशनी का पर्व अंधकार से रोशनी में ले जाता है। देश ने 22 जनवरी को एक बार फिर से दिवाली वाला उत्साह देखा। उस दिन सारे देश में आलोक सज्जा हो रही थी। अगर कुछ कठमुल्लों को छोड़ दिया जाए तो जिस दिन अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी उस दिन सारे भारत में आनंद की स्थिति में भजन-कीर्तन हो रहे थे। उसमें गैर-हिन्दुओं की भी भागेदारी रही थी। राजधानी के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से लेकर दिल्ली से सटे कौशांबी के कंचनजंगा कैंपस और मुंबई के जुहू से लेकर कानपुर और सारे देश में विगत 22 जनवरी को हुए भजन-कीर्तन कार्यक्रमों में लाखों-करोड़ों राम भक्तों में कई मुसलमान और ईसाई भी भाग ले रहे थे।

## इंडिया गठबन्धन की टूट-फूट

सात महीने पहले जब बिहार की राजधानी पटना में इस राज्य के मुख्यमन्त्री श्री नीतीश कुमार ने देश के प्रमुख विपक्षी दलों का एक महागठबन्धन बनाने की नींव यह कहते हुए डाली थी कि कांग्रेस पार्टी की शिरकत के बिना कोई भी ऐसा राजनैतिक गठबन्धन नहीं बन सकता जिसमें भाजपा का विकल्प बनने की क्षमता हो तो साफ था कि लोकसभा चुनावों में विपक्ष प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता और भाजपा के चुनावी तन्त्र का मुकाबला करने के लिए अपना मजबूत विमर्श संयुक्त रणनीति के जरिये पेश करने जा रहा है। परन्तु अफसोस की बात है कि अभी तक इस मोर्चे पर विपक्षी गठबन्धन का नाम केवल 'इंडिया गठबन्धन' रखने के अलावा और कोई खास काम नहीं हुआ है बल्कि इसके उलट इंडिया गठबन्धन में शामिल कई राज्यों के क्षेत्रीय दल अपनी अलग-अलग ढपली बजाते नजर आ रहे हैं।

मगर राजनीति में हमेशा वही सच नहीं होता है जो ऊपर से नजर आता है। असली सच राजनीति के पर्दे के पीछे छिपा हुआ रहता है इसी वजह से राजनीति को विज्ञान भी कहा जाता है।असली राजनीतिक विज्ञान वही कहा जाता है जिसमें 'शेर को चींटी' से मरवा दिया जाता है। अतः इंडिया गठबन्धन की सदस्य प. बंगाल की तृणमूल कांग्रेस की सर्वेसर्वा ममता दीदी ने जिस प्रकार तैश में यह बयान दिया है कि राज्य में कांग्रेस पार्टी के साथ उनकी सीटों के बंटवारे पर कोई बात नहीं हो रही है और उनकी पार्टी अपने दम पर ही सभी 42 सीटों पर चुनाव लड़ेगी मूलतः भाजपा को राज्य की राजनीति में बहुत निचले पायदान पर रखने की ही रणनीति है जिससे कांग्रेस न समझ हो रही है, ऐसा नहीं माना जा सकता। इसी प्रकार पंजाब की सभी 13 सीटों पर अपने बूते पर ही लड़ने का ऐलान जिस तरह आम आदमी पार्टी के मुख्यमन्त्री भगवन्त सिंह मान ने किया है उसका लक्ष्य भी भाजपा को लड़ाई से बाहर रखने का ही है।

प. बंगाल में 2011 में ममता दी ने मार्क्सवादी या वामपंथी पार्टियों का 34 वर्ष का शासन समाप्त करके सत्ता हथियाई थी। अतः वामपंथी पार्टियां उनकी दुश्मन नम्बर एक हैं। परन्तु पिछले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने स्वयं को ममता दी की मुख्य प्रतिद्वन्द्वी बनाने में सफलता प्राप्त कर ली जिसकी वजह से वोटों का ध्रुवीकरण इन दोनों दलों के बीच ही हो गया और पारंपरिक वामपंथी वोट बैंक ममता विरोध में भाजपा के साथ चला गया और 2019 में इसकी 18 लोकसभा सीटें आयीं जबकि ममता दी 22 सीटें ही जीत पाई जबकि 2014 में उनकी 34 सीटें थीं। इंडिया गठबन्धन की सदस्य हालांकि मार्क्सवादी पार्टी भी है मगर वह अपने वोट बैंक को भाजपा के साथ जाने से बचाना चाहती है और ममता दी के कड़े विरोधी की तरह दिखनी चाहती है। कांग्रेस की स्थिति इससे थोड़ी अलग है। वह न मार्क्सवादी पार्टी से दूर दिखना चाहती है और न तृणमूल कांग्रेस से अतः वह अपने प्रभाव क्षेत्रों मे मार्क्सवादी पार्टी के साथ मिलकर ममता दी के प्रत्याशियों के खिलाफ अपने प्रत्याशी खड़े करना पसन्द करेगी जिससे वोटों का बंटवारा केवल दोनों कांग्रेस के बीच ही हो जबकि शेष सभी स्थानों पर वह तृणमूल कांग्रेस व मार्क्सवादी पार्टी के त्रिकोणात्मक संघर्ष पर जोर देगी जिससे भाजपा को चौथे स्थान पर धकेला जा सके। जरूरी नहीं कि यही रणनीति अपनाई जाये मगर इसकी संभावना मौजूदा हालात को देखते हुए सबसे ज्यादा बन रही है। इसी प्रकार पंजाब में आम आदमी पार्टी सत्ता में है और कांग्रेस प्रमुख विपक्षी दल है।

राज्य में इसके बाद अकाली दल का नम्बर आता है और भाजपा चौथे स्थान पर आती है। पहले अकाली दल व भाजपा का गठबन्धन हुआ करता था जिसकी वजह से भाजपा राज्य की गिनती की लोकसभा सीटें जीत जाया करती थी। परन्तु अब यह गठबन्धन टूट चुका है और अकाली दल की ताकत भी बहुत शिथिल हो चुकी है जिसकी वजह से यदि कांग्रेस व आम आदमी पार्टी आपस में ही नहीं भिड़ेंगी तो अकाली दल या भाजपा को उनके मुकाबले पर आने में सहूलियत हो जायेगी।



## राशिफल

**मेषः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**बृषभः-** शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कर्कः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कायरे पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें।

कन्याः- नई सफ्लताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः-** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी।

कुंभः- अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

# हमारा संविधान ही हमें अभिव्यक्ति की आजादी देता है

**ब्रह्मानंद राजपूत**



**आज बेशक भारत विश्व की उभरती हुई शक्ति है। लेकिन आज भी देश काफी पिछड़ा हुआ है। देश में आज भी कन्या जन्म को दुर्भाग्य माना जाता है, और आज भी भारत के रूढ़िवादी समाज में हजारों कन्याओं की भ्रूण में हत्या की जाती है। सड़कों पर महिलाओं पर अत्याचार होते हैं। सरेआम महिलाओं से छेड़छाड़ और बलात्कार के किस्से भारत देश में आम बात हैं। कई युवा (जिनमें भारी तादात में लड़कियां भी शामिल हैं) एक तरफ जहां हमारे देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। वहीं कई ऐसे युवा भी हैं जो देश को शर्मसार कर रहे हैं। दिनदहाड़े युवतियों का अपहरण, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न कर देश का सिर नीचा कर रहे हैं। हमें पैदा होते ही महिलाओं का सम्मान करना सिखाया जाता है पर आज भी विकृत मानसिकता के कई युवा घर से बाहर निकलते ही महिलाओं की इज्जत को तार-तार करने से नहीं चूकते।**

गणतंत्र दिवस हमारे संविधान में संस्थापित स्वतंत्रता, समानता, एकता, भाईचारा और सभी भारत के नागरिकों के लिए न्याय के सिद्धांतों को स्मरण और उनको मजबूत करने का एक उचित अवसर है। क्योंकि हमारा संविधान ही हमें अभिव्यक्ति की आजादी देता है। अगर देश के नागरिक संविधान में प्रतिष्ठापित बातों को अनुसरण करेंगे तो इससे देश में अधिक लोकतांत्रिक मूल्यों का उदय होगा। भारत का संविधान सबको समान अधिकार देता है, भारतीय संविधान किसी से भी जाति, धर्म, ऊंच-नीच और अमीरी-गरीबी के आधार पर कभी भी भेदभाव नहीं करता है।

आज बेशक भारत विश्व की उभरती हुई शक्ति है। लेकिन आज भी देश काफी पिछड़ा हुआ है। देश में आज भी कन्या जन्म को दुर्भाग्य माना जाता है, और आज भी भारत के रूढ़िवादी समाज में हजारों कन्याओं की भ्रूण में हत्या की जाती है। सड़कों पर महिलाओं पर अत्याचार होते हैं। सरेआम महिलाओं से छेड़छाड़ और बलात्कार के किस्से भारत देश में आम बात हैं। कई युवा (जिनमें भारी तादात में लड़कियां भी शामिल हैं) एक तरफ जहां हमारे देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। वहीं कई ऐसे युवा भी हैं जो देश को शर्मसार कर रहे हैं। दिनदहाड़े युवतियों का अपहरण, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न कर देश का सिर नीचा कर रहे हैं। हमें पैदा होते ही महिलाओं का सम्मान करना सिखाया जाता है पर आज भी विकृत मानसिकता के कई युवा घर से बाहर निकलते ही महिलाओं की इज्जत को तार-तार करने से नहीं चूकते। इस सबके लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार शिक्षा का अभाव है।

शिक्षा का अधिकार हमें भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों के रूप में अनुच्छेद 29-30 के अन्तर्गत दिया गया है। लेकिन आज भी देश के कई हिस्सों में में नारी शिक्षा को सही नहीं माना जाता है। नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के साथ भारतीय समाज को भी आगे आना होगा। तभी देश में अशिक्षा जैसे अँधेरे में शिक्षा रुपी दीपक को जलाकर उजाला किया जा सकता है। देश में आज अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर देश विरोधी ताकतें बढ़ रही हैं, यही देश विरोधी ताकतें संविधान की गलत तरीके से व्याख्या करती हैं। यही देश विरोधी ताकतें देश में अराजकता फैलाने में अहम् भूमिका निभाती है। आज देश में देश विरोधी ताकतें संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का गलत तरीके से उपयोग कर रही हैं। अभिव्यक्ति की आजादी का दुरूपयोग करना भारतीय संविधान का अपमान है।

देश में आज कुछ ताकतें तुष्टिकरण का काम कर रही हैं और देश को धर्म के आधार पर बांटने का प्रयास कर रही हैं। देश में आज इन्ही देश विरोधी ताकतों की शह पर कोई पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाता है तो कोई भारत मुर्दाबाद के नारे लगाता है और कुछ राजनैतिक दल ऐसे लोगों की तरफदारी करके उनका साथ देकर उनको संरक्षण देते हैं। ऐसे देश विरोधी लोग इन्हीं राजनैतिक दलों कि शह पर देश का माहौल खराब करने की कोशिशें करते हैं। भारत देश बेशक एक स्वतंत्र गणराज्य सालों पहले बन गया हो। लेकिन इतने सालों बाद आज भी देश में धर्म, जाति और अमीरी गरीबी के आधार पर भेदभाव आम बात है। लोग आज भी जाति के आधार पर ऊंच-नीच की भावना रखते हैं। आज भी लोगों में सामंतवादी विचारधारा घर करी हुयी है और कुछ अमीर लोग आज भी समझते हैं कि अच्छे कपडे पहनना, अच्छे घर में रहना, अच्छी शिक्षा प्राप्त करना और आर्थिक विकास पर सिर्फ उनका ही जन्मसिद्ध अधिकार है।

इसके लिए जरूरी है कि देश में संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा के अधिकार के जरिए लोगों में जागरूकता लायी जाये। जिससे कि देश में धर्म, जाति, अमीरी-गरीबी और लिंग के आधार पर भेदभाव न हो सके। भारत में संविधान लागू हुए बेशक 74 साल के करीब होने आये, लेकिन अब भी भारत देश में बाल अधिकारों का हनन हो रहा है। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने की उम्र में काम करते दिख जाते हैं। आज बाल मजदूरी समाज पर कलंक है। इसके खात्मे के लिए सरकारों और समाज को मिलकर काम करना होगा।

साथ ही साथ बाल मजदूरी पर पूर्णतया रोक लगनी चाहिए। बच्चों के उत्थान और उनके अधिकारों के लिए अनेक योजनाओं का प्रारंभ किया जाना चाहिए। जिससे बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। और शिक्षा का अधिकार भी सभी बच्चों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए। गरीबी दूर करने वाले सभी व्यावहारिक उपाय उपयोग में लाए जाने चाहिए। बालश्रम की समस्या का समाधान तभी होगा जब हर बच्चे के पास उसका अधिकार पहुंच जाएगा। इसके लिए जो बच्चे अपने अधिकारों से वंचित हैं, उनके अधिकार उनको दिलाने के लिये समाज और देश को सामूहिक प्रयास करने होंगे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# 4 करोड़ की धोखाधड़ी में खनन पट्टाधारक का मैनेजर गिरफ्तार

## मौका पाकर विदेश भागने की फिराक में था आरोपित मैनेजर, पुलिस ने मैनेजर से एक करोड़ 10 लाख रुपए बरामद कर भेजा जेल

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



जिले में 4 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी विदेश भागने की फिराक में था। आरोपी मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक करोड़ 9 लाख 2 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। 11 जनवरी को सदर कोतवाली में दर्ज मामले पर कार्रवाई की गई है। महोबा में धोखाधड़ी केस में आरोपी मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। खनन पहाड़ पट्टाधारक के साथ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 4 करोड रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया था। मैनेजर ऑफिस में रखे 8 लाख 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गया था। मोबाइल स्विच ऑफ कर चार पहिया वाहन से फरार हुआ था। पुलिस ने धोखेबाज मैनेजर को गिरफ्तार कर एक करोड़ 10 लाख रुपए बरामद कर जेल भेज दिया है। आरोपित मैनेजर मौका पाकर विदेश भागने की फिराक में था। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने बताया कि 11 जनवरी 2024 को मध्य प्रदेश के नर्मदा परम जनपद के पिपरिया गांव निवासी रसमीत सिंह मल्होत्रा पुत्र अजीत सिंह मल्होत्रा ने सदर कोतवाली में केस दर्ज कराया गया था।

तहरीर में कहा गया है कि वह एचएसएम होल्डिंग्स, सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड और रेवा शुगर इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। इन्हीं फर्मों के नाम से जनपद में खनन पट्टा स्वीकृत है।

उसकी देखरेख के लिए उन्होंने लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सिठौली कलां निवासी सचिन प्रकाश पुत्र रामभवन यादव को बतौर मैनेजर काम पर रखा था। उसने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर चार करोड़ रुपए की धोखाधड़ी कर कंपनी के नाम होने वाले पेमेंट को वह सीधे अपने खाते में पेमेंट करवाता रहा। पट्टाधारक को मार्केट में रुपये उधार होने का हवाला देता रहा।

मैनेजर बाद में ऑफिस में रखे 8 लाख 50 हजार रुपये लेकर चार पहिया वाहन से फरार हो गया था। तहरीर के आधार पर आरोपित मैनेजर के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल शुरू की गई। शनिवार को मैनेजर को बीजानगर तिराहा से गिरफ्तार कर एक करोड़ 9 लाख 2 हजार रुपये बरामद कर जेल भेजा गया है।

# ब्लॉक प्रमुख ने ध्वजारोहण कर ब्लॉक परिसर में मनाया 75 वां गणतंत्र दिवस

**पनवाड़ी, महोबा। समृद्धि न्यूज**



75 वे गणतंत्र दिवस का आयोजन ब्लॉक परिसर पनवाड़ी में किया गया जिसमें ब्लॉक प्रमुख अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी द्वारा ध्वजारोहण किया गया ब्लॉक प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि असंख्य बलिदानियो ने इस देश को आजाद कराने में योगदान दिए उन्हें हम नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे, वह एक सत्यवादी नेता थे देश के हालात को समझने के लिए महात्मा गांधी जी ने भारत भ्रमण किया था। महात्मा गांधी इतिहास के एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने देश हित के लिए अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ी ध्वजारोहण के उपरांत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्तंभ पर पुष्पांजलि दे कर शहीदों को नमन् किया गया कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी संतराम, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इं. श्रीप्रकाश अनुरागी, एडीओ पंचायत कमलेश अनुरागी एडीओ आईएसबी मुकेश गौतम, सभी सचिव साथी, कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्यालय में मनाया 75 वां गणतंत्र दिवस

**हमीरपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में 75 वें गणतन्त्र दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामकरण सिंह (प्रबन्धक) के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने कहा कि हमारे देश का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। भारतीय लोकतन्त्र मे जनता के शासन को याद दिलाया। मुख्य अतिथि ने धर्म और राजनीति की समालोचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि धर्म अच्छाई का प्रचार करता है एवं राजनीति बुराई का मर्दन करती है। छात्र छात्राओ ने समूहगान, संस्कृत भाषण, अभिनयगीत, सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कराये गये। इन कार्यक्रमो ने सबका मनमोह लिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में राधाकृष्ण ओमर, विद्यालय के प्रधानमंत्री दिग्विजय सिंह,आचार्य विजयभान सिंह, वेदप्रकाश शुक्ला आदि लोग मौजूद रहें।




## ब्लॉक प्रमुख चरखारी ने किया ध्वाजारोहण

**चरखारी,महोबा।** 75 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ब्लॉक चरखारी में धूमधाम से मनाया गया ब्लॉक प्रमुख सीमा जय राम कुशवाहा ने ध्वजारोहण कर ब्लॉक के समस्त कर्मचारी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीजिए इस अवसर पर सीमा कुशवाहा ने कहा कि हमारा देश विश्व गुरु बनने के मुहाने पर खड़ा है हम सबको देश के प्रति आस्था का भाव रखना चाहिए और अपना किसी न किसी रूप में योगदान देश के लिए जरूर देना चाहिए एवं हमारा देश जो पूर्व में सोने की चिड़िया कहलाता था आज भी कहीं ना कहीं हम सभी लोगों को यह प्रयास करना चाहिए कि आने वाले समय में हमारा देश फिर से सोने का चिड़िया कहलाए और हम सभी को उसके लिए प्रयास करना चाहिए इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य देवी सिंह राजावत, खंड विकास अधिकारी पंकज यादव, ग्राम विकास अधिकारी आदित्य सिंह, शिवांग यादव, शोएब नसीम, शोएब दुर्रानी, नितेंद्र सिंह सेंगर, नदीम शेख, ब्लॉक परिसर के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# पनवाड़ी में धूमधाम से फहराया तिरंगा

**पनवाड़ी, महोबा। समृद्धि न्यूज**



75 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर धूमधाम के साथ फहराया गया तिरंगा में बाजार में ध्वजारोहण ग्राम प्रधान संजय दुबे द्वारा किया गया पनवाड़ी ब्लाक परिषद में ध्वजारोहण ब्लॉक प्रमुख अंजना श्री प्रकाश अनुरागी द्वारा किया गया विवेकानंद इंटर कॉलेज पनवाड़ी में धूमधाम के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया विवेकानंद स्कूल के अध्यक्ष समाजसेवी अमित अग्रवाल के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया गया सभी को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया इसी अवसर पर राजकीय मॉडल महाविद्यालय पनवाड़ी ध्वजारोहण प्राचार्य डॉ श्याम शंकर सिंह द्वारा किया गया ग्राम पंचायत रिबई स्टेट ग्राम सचिवालय में ध्वजारोहण ग्राम प्रधान राजेंद्र उर्फ राजू राजपूत द्वारा किया गया नगर की सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे इसी क्रम में कम्पोजिट उत्तम प्राथमिक विद्यालय रजौनी धूमधाम के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया एवं स्कूल में बच्चों द्वारा संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें आए हुए मुख्य अतिथि एवं अतिथियों वह नगर एवं क्षेत्र वासियों का मन मोह लिया इस मौके पर अतिथि के तौर पर भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी राम लखन सोनी समाजसेवी राज नारायण राजू मिश्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष पनवाड़ी पवन सोनी शिक्षकों की ओर से अतिथियों का धूमधाम के साथ स्वागत किया गया इसी मौके पर प्रधान राम सिंह राजपूत प्रधान प्रेम सिंह यादव प्रधान अनूप पटेल प्रधान मनोज पटेल प्रधान संदीप राजपूत प्रधान कुलदीप कुमार अमन धीरज भारत श्रीवास नीरज मिश्रा शिक्षकों द्वारा धूमधाम के साथ पुष्प माला पहनकर स्वागत किया गया सभी अतिथियों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की बहुत-बहुत प्रशंसा की शिक्षक अशोक कुमार एवं स्कूल के सभी शिक्षकों की बहुत-बहुत प्रशंसा की गई।

# नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लूटी वाहवाही



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

लोकतंत्र के महापर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में अलग अलग शिक्षण संस्थानों के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभाए प्रस्तुत कर मौजूद लोगो का मन मोह लिया। प्रभारी मंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत किया। इसके अलावा उन्होंने लोगों से सामाजिक कार्यों/दायित्वों में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया।

## खबरें एक नजर में

### विश्वविद्यालय बनाने के लिए खून से लिखा खत

**राठ, हमीरपुर।** कस्बे के ब्रहमानंद विद्यालय को राजकीय विश्व विद्यालय बनाने की मांग को लेकर पिछले 146 दिन से धरना प्रदर्शन चल रहा है। देश के 75वें गणतंत्र दिवस पर धरने के दौरान चंद्रकांता सिंह राजपूत के नेतृत्व में खून से मुख्यमंत्री को खत लिखकर भेजा गया। इस दौरान चंद्रकांता सिंह ने कहा कि 146 दिन से लगातार धरना प्रदर्शन चल रहा है। परंतु आज तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। धरना प्रदर्शन के दौरान डीएस राजपूत, रिंकू वर्मा जिला उपाध्यक्ष महिला सभा, शिवरतन सिंह राजपूत, भगत सिंह राजपूत, अजय राजपूत, विशेखा. राजपूत, बृजकिशोर लोधी, केशव सिंह लोधी, बलराम सिंह राजपूत ने रक्त देकर पत्र लिखा। इस मौके पर मलखान सिंह निषाद, सुरेश, कुसुम देवी, अमित कुमार, ग्यासीराम आदि मौजूद रहे।

### पैन इंडिया कैम्पेन-2024 का जिला कारागार में हुआ शुभारम्भ

**हमीरपुर।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर द्वारा जिला कारागार में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में पैन इंडिया कैम्पेन-2024 का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गीतांजलि गर्ग ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत नाबालिग बंदियों को किशोर न्याय कानून का लाभ प्रदान करना है। जेल पीएलवी ऐसे बंदियों को चिन्हित करेगें जो अपराध के समय 18 वर्ष से कम उम्र के थे। उनका प्रार्थना पत्र पैनल अधिवक्ता के माध्यम से संबंधित न्यायालय में प्रेषित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कारागार के जेल अधीक्षक जीआरवर्मा, जेलर केपी चंदीला, डिप्टी जेलर देवेन्द्र दुबे, डिप्टी जेलर सगेंश कुमार, डिप्टी जेलर सरला देवी, पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र बहादुर, शिव बरन सिंह, जेल पीएलवी प्रेम प्रकाश, प्रलयंकर, डॉली उर्फ प्रीति आदि उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस में आई एकमात्र शिकायत

**मौदहा।** महीने के आखिरी शनिवार के मौके पर कस्बे की कोतवाली में एसडीएम राजेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस के मौके पर भू राजस्व से सम्बंधित एकमात्र शिकायत दर्ज की गई। जिसके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को भेज दिया गया है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर सहित अन्य जिम्मेदार मौजूद रहे।

### केवट संवाद प्रसंग देखने को उमड़ा जनसैलाब

**मौदहा,हमीरपुर।** छिमौली गांव में गोसाईं बाबा स्थान पर मेला, प्रवचन तथा संजीव रामायण के राम केवट संवाद का सजीव मंचन के रूप में जगह जगह रामलीला का आयोजन किया जाता है। लेकिन क्षेत्र में ऐसा मंचन जो काल्पनिक न होकर असल होता है जिसे देखने के लिए हजारों लोगों का हुजूम नदी के दोनों ओर उमड़ पड़ा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छिमौली में चंद्रावल नदी पर रामायण के प्रमुख अंश केवट संवाद का आयोजन किया गया। जिसका मंचन किसी मंच पर न होकर नदी पर किया जाता है। इस प्रसंग में भगवान राम के चरणों को धुलवाकर निषाद राज द्वारा नदी पार कराई जाती है। जिसका मंचन देखने के लिए नदी के दोनों ओर हजारों की संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे।

# भाषण प्रतियोगिता में सत्यम ने मारी बाजी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




गणतन्त्र दिवस पर जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, दरियापुर में प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई। प्रधानाचार्य मंगला प्रसाद ध्वजारोहण कर भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा। शिक्षक / कर्मचारियों/छात्रों द्वारा वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

इस मौके पर भाषण / निबन्ध/रंगोली / चित्रकला / खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में छात्र सत्यम कक्षा 12 को प्रथम स्थान, निबन्ध प्रतियोगिता में छात्र मदन मोहन कक्षा 10 को प्रथम स्थान, चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र प्रभात कक्षा 9 को प्रथम स्थान, रंगोली प्रतियोगिता में आशुतोष कक्षा 7 को प्रथम स्थान, खो-खो प्रतियोगिता में सोनू की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रीती कुमारी स.अ. द्वारा एवं संचालन अनिल कुमार मौर्य प्रवक्ता ने किया। डॉ नरेन्द्र कुमार याज्ञनिक ने गणतन्त्र दिवस के विषय में छात्रों को अवगत कराया। कु. गीता प्रवक्ता ने छात्रों को भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला।

# तीन लोगों को अवैध असलहे के साथ किया गिरफ्तार

**मुस्करा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

> तलाशी में दो 315 बोर के अवैध असलहा हुए बरामद

रात में वाहन चेकिंग के दौरान अवैध असलहों के साथ तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन ने बताया कि शुक्रवार की रात पुलिस गस्त पर थी कि तभी मुखबिर की सूचना मिली कि गुंदेला के पास नहर पटरी पर एक ओमनी वैन खड़ी है, जो कि संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

इस पर उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश पांडे, उपनिरीक्षक शिवम पांडे, सिपाही रजत कुमार, अतुल कुमार, वेदप्रकाश ने ओमनी वैन को घेर संदिग्धों की तलाशी ली। तलाशी में दो 315 बोर के अवैध असलहा बरामद हुए। बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम सुरेंद्र (22) पुत्र मंगल राजपूत व चंचल सिंह (26) पुत्र उत्तम सिंह चंदेल निवासी चंदौली थाना खरेला और नीरज लोधी (26) पुत्र अर्जुन सिंह लोधी निवासी ग्राम बिलगांव थाना जलालपुर बताया।

बताया तीनों अपराधी किस्म के लोग कूट रचित नंबर प्लेट लगाए ओमनी वैन गाड़ी लेकर रात में किसी घटना को अंजाम देने की फ़िराक में थे। तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। तीनों को खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया है।

## अज्ञात कारणों के चलते किसान ने लगाई फांसी मौत

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव में अज्ञात कारणों के चलते एक किसान ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। धनौरी गांव निवासी किसान भगत सिंह (64) पुत्र कालीचरन ने गुरुवार की रात अपने घर के अंदर फांसी लगा ली। शुक्रवार की सुबह जब परिजनों ने जब उसे फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि भगत सिंह के पास करीब आठ बीघा जमीन थी। जिस पर खेती किसानी व पशुपालन आदि कर वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक किसान अपने पीछे पत्नी ममता के अलावा तीन पुत्रों भान सिंह, राम प्रकाश व अरविंद सहित अन्य परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। इस संबंध में कोतवाल उमेश कुमार सिंह ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना के कारणों की जांच कराई जा रही है।

## महेंद्र सचान अध्यक्ष व दशरथ सिंह महामंत्री निर्वाचित

**हमीरपुर।** आज दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, शाखा हमीरपुर का चुनाव मण्डल अध्यक्ष मुहम्मद यूनुस परवेज की अध्यक्षता में चुनाव अधिकारी अब्दुल वाहिद व रमाकान्त मिश्रा की संरक्षता में सम्पन्न हुआ। संघ की नवीन कार्यकारिणी के गठन में महेन्द्र सिंह सचान को अध्यक्ष, दशरथ सिंह को महासचिव अश्वनी कुमार यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शिवम रस्तोगी को कोषाध्यक्ष मान सिंह यादव को संयुक्त सचिव सर्व सम्मति से चुने गये। संघ की निर्वाचन प्रक्रिया के समापन अवसर पर निर्वाचन अधिकारी अब्दुल वाहिद ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संघ की मर्यादाओ को बनाये रखने मे पदाधिकारी सहभागिता बनाते हुए कर्मियों के हित में सदैव तत्पर रहेंगे।

# सपा को बूढ़ा न होने दें नौजवान: रामाधार सिंह लोधी

**राठ हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

75वें गणतंत्र दिवस पर समाजवादी पार्टी द्वारा पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक पीडीए की गांव स्तर पर चलने वाली सभाओं का शुभारंभ पूर्व मंत्री पूर्व विधायक रामाधार सिंह ने धर्मपाल सिंह इंटर कालेज कछवाकलां से शुरू किया।

इस दौरान पूर्व मंत्री रामाधार सिंह ने संविधान सभा के अध्यक्ष डा.भीमराव आंबेडकर के साथ पूरी की पूरी संविधान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने युवाओं से आवाह्न करते हुए कहा कि सपा को कभी बूढ़ा नहीं होने देना है। उन्होंने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाह्न पर एक पखवाड़ा तक चलने वाली पीडीए की सभाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी कछवा ने कहा यह अभियान प्रत्येक बूथ और सेक्टर में चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान सभा में वोट के अधिकार को न दिया होता तो चमचमाती कारों पर बैठकर चुनाव लड़ने वाले अमीर लोग हमारे दरवाजे पर हाथ जोड़कर वोट मांगने नहीं आते। कहा संविधान ने हमें वोट का अधिकार बराबर का दिया है। चाहे वह स्त्री हो या पुरुष। कहा संविधान सभा ने बार बार संविधान में संशोधन कर चुनाव मंहगे कर दिए हैं कि आम जन मानस के अब बस की बात नहीं रह गई है।

# किशोरी से अवैध संबंधों के शक में वृद्ध की मौत

> गर्भवती होने पर परिजनों ने वृद्ध को को किया था लहूलुहान

**सरीला,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

थाना जलालपुर के एक गांव में पुत्री से अवैध संबंधों के शक में पिता पुत्र ने मिलकर लाठी डंडों और कुल्हाड़ी से हमलाकर मरणासन्न किए गए 65 वर्षीय वृद्ध की पांचवें दिन इलाज के दौरान झांसी मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं।

जलालपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी वृद्ध रामआसरे कुशवाहा के दामाद अरविंद कुशवाहा और ब्रजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि उसके ससुर रामआसरे खेती किसानी करते थे, जिनको गांव के ही लोगों ने मारा पीटा था। जिससे उनकी मौत हो गई। बताया गांव की 16 वर्षीय एक लड़की गर्भवती हो गई थी जिसके परिजनों ने एक जनवरी को गर्भपात कराया था। साथ ही आरोप लगाया था कि बच्ची के पेट में पल रहा बच्चा रामआसरे का है। जब इसका पता चला तो वह लोग गांव पहुंचे और ससुर से बात की, लेकिन उन्होंने इससे साफ इनकार किया था। इसी बात को लेकर लड़की के परिवार वाले रंजिश रखने लगे थे। राम आसरे की पत्नी राम श्री ने बताया कि पिछले 21 जनवरी को सुबह करीब नौ बजे पति घर के बाहर खड़े थे, तभी किशोरी का पिता व भाई कुल्हाड़ी लेकर आए और हमला कर दिया। हमले में उनके गर्दन पर गंभीर चोट आईं। प्राथमिक उपचार के लिए सरीला ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर उरई और फिर वहां से झांसी मेडिकल रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान पति ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। राम आसरे की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। राम आसरे की आठ बेटियां हैं। इनमें वह छह की शादी कर चुका है। जबकि दो अभी अविवाहित हैं। जलालपुर थाना प्रभारी सभाजीत पटेल ने बताया कि राम श्री की शिकायत पर 21 जनवरी को ही मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। राम आसरे की मौत पर अब हत्या से संबंधित धारा जोड़ी जाएगी। सीओ आशीष यादव ने बताया कि किशोरी से अवैध संबंधों के शक में राम आसरे को पीटा गया था।

# परीक्षाओं का उड़ाका दल ने किया निरीक्षण, 13 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रही बुन्देलखंड विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के दौरान जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त उडाका दल ने आकस्मिक निरीक्षण किया। बुन्देलखंड विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित हो रही है। परीक्षा के दूसरे दिन जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट राजीव कुमार तथा विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त उडाका दल के संयोजक डॉ मुकुल सक्सेना ने प्रथम एवं तृतीय पाली की परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। केन्द्र में संचालित परीक्षाएं नकल विहीन तथा शान्तिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही थी। केंद्राध्यक्ष डॉ स्वामी प्रसाद ने बताया कि प्रथम पाली में बीए, बीकॉम, बीएससी के पांचवें सेमेस्टर साथ परास्नातक स्तर के तृतीय सेमेस्टर हिंदी,अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान के कुल पंजीकृत 141 छात्र/छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए।द्वितीय पाली में बीएससी तृतीय सेमेस्टर के 40 छात्र/छात्रायें तथा सांय कालीन पाली में एमए प्रथम सेमेस्टर हिंदी, अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान के कुल 138 पंजीकृत छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी।

**बयान** — आप सब लोग लोकतांत्रिक परंपरा में जी रहे हैं और मर्जी की सरकार हम लोग चुनते हैं

# गणतंत्र दिवस के पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में ध्वजारोहण कर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शपथ दिलाई एवम महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। तथा कलेक्ट्रेट सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम आप सब लोग लोकतांत्रिक परंपरा में जी रहे हैं और मर्जी की सरकार हम लोग चुनते हैं तो यह अधिकार संविधान से ही मिले हैं इसके साथ-साथ दायित्व अधिकार से भी बढ़कर होता है हम लोग विकास की यात्रा में धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं इसमें सरकारी कर्मचारी अधिकारी का दायित्व है कि जनता की सेवा करें भारत देश का इतिहास में गौरव था अब इसको लाने में मेहनत करना पड़ेगा। आप लोग अपने पद एवं दायित्व का निर्वहन करते हुए कार्य करें नैतिकता के आधार पर कार्य करें देश व प्रदेश को आगे ले जाने के लिए निष्ठा से कार्य करना होगा। कहा कि सैकड़ों वर्षो के बाद हमारे पूर्वजों ने स्वतंत्रता प्राप्त की है असंख्य बलिदानियो ने इस देश को आजाद कराने में योगदान दिए उन्हें हम नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे, वह एक सत्यवादी नेता थे देश के हालात को समझने के लिए महात्मा गांधी जी ने भारत भ्रमण किया था । महात्मा गांधी इतिहास के एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने देश हित के लिए अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ी। वह आजादी के आंदोलन के एक ऐसे नेता थे जिन्होंने अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए अंग्रेजी शासको के नाक में दम कर दिया था और अंग्रेजों को भारत से भगा दिया था। गणतंत्र दिवस भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है जो हम सभी लोग प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाते है, हम सभी लोग इस वर्ष 75 वें गणतंत्र दिवस के रूप में मना रहे हैं। आज बहुत जरूरी है कि हम सभी लोग अपने संविधान का गुणगान करें कर्तव्य का पालन करते हुए एक अच्छा परिवेश दे यही हमारा प्रयास होना चाहिए हम सभी लोगों का कर्तव्य है कि हम लोग अपने बच्चों को और आसपास के लोगों को अपने संविधान के बारे में बताएं। न्यायाधीश उपभोक्ता प्रतितोष फोरम ने कहा कि जिस परवेज में हम लोगों ने स्वतंत्रता पाई है सन् 1949 में हमारा संविधान स्वतंत्र हुआ था । हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम देश की अखंडता व गरिमा बनाए रखें और भाईचारे के साथ जीवन को व्यतीत करें और उन्होंने कहा कि अपने मत का प्रयोग जरूर करें और एक जिम्मेदार नागरिक बने। हम सभी लोग जब एक दूसरे से कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे तभी हमारे देश का विकास होगा।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री रामप्रकाश ने कहा कि आज हम लोग गणतंत्र दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को मना रहे हैं 26 जनवरी को ही संविधान लागू हुआ था।हम सभी लोग 75 वा गणतंत्र दिवस मना रहे हैं।

# धूमधाम से प्राइवेट संस्थानों में मनाया गया गणतंत्र दिवस

- सरकारी बगैर सरकारी संस्थानों में राष्ट्र ध्वज फहराया गया
- स्कूलों में नन्हे मुन्ने बच्चों ने कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**शहर** के प्राइवेट संस्थान व सरकारी संस्थानों में 75 वा गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया प्राइवेट संस्थानों में कॉलेज स्कूलों में बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया अलग-अलग स्कूलों में प्रभात फेरी निकाली गई और बच्चों के हाथों में तिरंगा झंडे लिए प्रभात कुमार दुबे का इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना यादव के द्वारा दूजा रोपण किया गया इस अवसर पर प्रेम मिला देवी दीपांजलि निशु वर्मा अंजू राव अनुष्का उपस्थित रहे हुए थे इसी क्रम में सेंट मारिया पब्लिक स्कूल के प्रबंधक बी सी अवस्थी ने ध्वज रोपण किया मदरसा गुलशन रजा में प्रधानाचार्य कुमैल इदरीस बा समाजसेवी उमर फारूक बंटी ने ध्वज रोपण किया फातिमा जहरा धमाका लाल काशीराम कॉलोनी के प्रधानाचार्य हाफिज आरिफ व प्रबंधक मशी ने ने ध्वजारोहण किया किडजी श्री आर एस लाल देव की ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर शिवम ने झंडा रोपण किया अनवरी बेगम हेयर सेक्रेटरी स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती सुभाना रफी ने झंडा रोपण किया मदरसा बरकटिया अमीरुल इस्लाम धमाका लाल स्कूल के प्रबंधक कारी सैमसंग कमर ने ध्वजारोहण किया सिटी चिल्ड्रन अकैडमी के चेयरमैन प्रदीप प्रधान ने झंडा रोपण किया जेबी नेशनल कॉलेज ग्लोबल महाविद्यालय फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ के प्रबंधक



हाफिज एहतशा मुद्दीन झंडा रोपण किया श्री पहुंची लाल आदर्श जनता मेमोरियल इंटर कॉलेज शंकरपुर के प्रधानाचार्य दीपक यादव व प्रबंधक रामपाल सिंह यादव ने झंडा रोपण किया पब्लिक स्कूल एम एम यू एजुकेशन सेंटर एबी गर्ल्स पब्लिक स्कूल खोजपुर इशरत अली मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद जमाल उर्फ राजू ने झंडा रोपण किया सुखबीर सिंह कुसुम लता इंटर कॉलेज कनौली के प्रबंधक भानु सिंह यादव ने झंडा रोपण किया विद्युत वितरण खंड अधिकारी बिजली विभाग में एसडीओ रविंद्र कुमार ने संस्थान में झंडारोहण किया सेंट जेवियर कन्वेंट स्कूल के चेयरमैन रमेश चंद्र यादव ने झंडा रोपण किया गैलेक्सी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर संजीव चौहान ने झंडा रोपण किया विकासखंड ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बादाम सिंह ने झंडा रोपण किया सुप्रभाश अकैडमी मैं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पुत्रवधू सुरभि सक्सेना एवं अक्षिता सक्सेना के साथ प्रधानाचार्य श्रीमती अलका गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्र ध्वज फहराया गया जे एस जेएस सीनियर सेंटर स्कूल हिमांशु सक्सेना डायरेक्टर डॉक्टर आत्माराम शर्मा तथा प्रिंसिपल श्री संदीप वर्मा एवं आलोक पांडे द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रध्वज फहराया गया इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय जुगल किशोर सक्सेना जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उनकी जीवनी पी बच्चों को सुनाई गई इसी दौर मेंष्ठ्ह्य लखनऊ के संस्थापक डॉ जगदीश गांधी के नंदन के उपरांत उनका सम्मान देते हुए समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा 2 मिनट का मन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसी दौरान कोतवाली छिबरामऊ के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रसाद सिंह पर कोतवाली में राष्ट्रध्वज फहराया गया इसी क्रम में साई मीर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशस मैं ध्वज रोपण के साथ विद्यालय परिसर में सभी स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया तथा भारतीय संविधान को प्रस्तुत करने वाले हम सब के आदर्श डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को याद किया गया इस अवसर पर सभी कॉलेज के प्राचार्य प्रशासनिक अधिकारी और शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# धमेकेताल पर 5.50 लाख रुपये की चोरी

- अलमारी उठाकर बेकरी से करीब 200 मीटर दूर पर पड़ी मिली

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नबाब** बेकरी धमेकेताल पर 5.50 लाख रुपये की नगदी और अलमारी उठाकर बेकरी से करीब 200 मीटर दूर पर पड़ी मिली अलमारी और अलमारी से पैसा 5 लाख 50 हजार रुपए मिला गायब बेकरी मालिक तनवीर अपनी ससुराल कबीरपुर शाम 6ः30 बजे चले गए थे उसके बाद में बेकरी में कारीगर मौजूद थे मौके पर आकर पुलिस तीन कारीगरों को उठा लेगी पूछताछ चल रही है एक कारीगर का बैग भी गायब है बेकरी मालिक तनवीर कहना है कि मेरी बेकरी में 9 कारीगर है लगभग सभी मैनपुरी जिले के हैं हमेशा की तरह कल भी हम मार्केट का पैसा वसूली होकर आई थी सारा पैसा हम से अलवरी के लकार



में बंद कर गए थे और हम आवश्यक अपने काम से ससुराल कबीरपुर चले गए थे सुबह 4ः30 पर बकरी का ठेकेदार ओमवीर ने फोन पर बताया की बेकरी में रखी से सावे। अलमारीकोई उठा ले गया वह बेकरी से लगभग 200 मी दूरी पर पड़ी है जब प्रार्थी बेकरी मालिक तनवीर 6ः30 बजे सुबह लौट कर आए तो देखा की सेवालबरी बेकरी में नहीं है और बेकरी से 200 मीटर दूर खड़ी हुई है जब जाकर देखा की से अलमारी में लाकर टूटा मिला है जब जाकर प्रार्थी के होश उड़ गए तब तनवीर ने चौकी सौ सैया अस्पताल के चौकी इंचार्ज को फोन पर बताया कि मेरी बेकरी में चोरी हो गई है तब जाकर पुलिस मौका पर पहुंची और बेकरी के कारीगरों से पूछताछ कारी तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया तब प्रार्थी ने लिखित तहरीर चौकी इंचार्ज को दी दी और उन्होंने उसे लिखित तहरीर में कहां की मेरी बकरी में ठेकेदार ओमवीर गिरीश रंजीत रामवीर विकास बारिश दिनेश आदि लोगों ने के ऊपर आशंका है कि मेरी चोरी इन्हीं लोगों ने करी है।

# टूरिस्ट बस ने मरी ट्रैक्टर में टक्कर दो की मौत,एक दर्जन से अधिक घायल

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**मदारपुर** से अंतिम संस्कार करने के लिए सिंगी रामपुर गए थे अंतिम संस्कार करने के बाद घरवापस लौटते समय सपा खेड़ा ठुद्ध34पर ट्रैक्टर ट्राली से छिबरामऊ से जा रही टूरिस्ट बस जोरदार टक्कर मार दी मौके पर दो की मौत एक दर्जन से अधिक घायल हो गए घायलों को सौ सैया एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल लाया गया जिनका उपचार चल रहा है गंभीर रूप से घायल हैं जिसको लेकर घायलों के परिजनों परिवार वालों ने अस्पताल के प्रशासन पर जमकर हंगामा किया तब कहीं जाकर घायलों का इलाज शुरू हुआ मौके पर प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल लेकर पहुंचे रामनिवास पुत्र रामलाल का सिंगी रामपुर से अंतिम संस्कार कर वापस लौट रहे थे तभी इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें ट्रैक्टर पर सवार लगभग 20 से 25 लोग घायल हो गए सभी घायलों को ससैया अस्पताल भर्ती कराया गया मृतक सुधीर पुत्र रतीराम उम्र 28 वर्ष मदारपुर निवासी राजू पुत्र आत्माराम 30 वर्ष मदारपुर घायलों दीपक पुत्र सियाराम राजपूत उम्र 33 वर्ष विनोद पुत्र चोखेलाल 48 वर्ष निवासी भगवानपुर दफेदार पुत्र बांकेलाल 55 वर्ष चंद्रशेखर पुत्र महेंद्र सिंह 45 वर्ष कमलेश चंद्र पुत्र रघुपति दयाल 55 वर्ष हरिश्चंद्र पुत्र लक्ष्मी लाल 50 वर्ष सर्वेश कुमार पुत्र भगवत दयाल 45 वर्ष विष्णु दयाल पुत्र जगन्नाथ 50 वर्ष रामविलास पुत्र रामचंद्र 45 वर्ष रघुवीर सिंह पुत्र सियाराम वर्मा 48 वर्ष शुगर सिंह पुत्र सियाराम वर्मा 37 वर्ष निवासी मदारपुर रामू पुत्र राम महेश 40 वर्ष रामविलास पुत्र बाबूराम 55 वर्ष और नरेश पुत्र मंगली 60 वर्ष निवासी मदारपुर थाना छिबरामऊ गंभीर रूप से घायल हो गए।

# भाकियू टिकैत ने निकाली विशाल तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा

- आठ सूत्री ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन टिकैट के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें किसानों की भीड़ उमड पड़ी। जिलाध्यक्ष ने नायाब तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर निस्तारण की मांग की।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में ग्राम इस्माइलपुर जिला कार्यालय से तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा निकाली गई। जो गुरसहायगंज होती हुई मुरादगंज पहुंची। जहां जिलाध्यक्ष ने 08 सूत्री ज्ञापन नायाब तहसीलदार शिखर मिश्रा को सौपा। जिसमें आवारा पशुओं से किसानों की फैसले नष्ट होने, किसान क्रेडिट कार्ड में बैंक कर्मी के धनउगाई करने, किसानों का पुलिस उत्पीड़न करने, नकली कीटनाशक दवाइयां की बाजार में बिक्री बंद कराने की मांग की गई। इस दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, जिला प्रवक्ता डॉ. आर कटियार, रणवीर सिंह, जयंत सिंह, राजेश कुमार, प्रमोद कुमार, राहुल कुमार, सुमन राजकुमार, सत्यम प्रजापति, राजा चौहान, शिवा यादव सहित भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एडीआरएम ने स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

- बदहाल सफाई व पार्किंग व्यवस्था पर दी चेतावनी

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**स्थानीय** रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत चयनित किया गया है। इसके चलते एडीआरएम ने स्थानीय रेलवे स्टेशन पर चल रहे सुंदरीकरण का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। पार्किंग परिसर में अनाधिकृत रूप से खड़े वाहनों पर भी नाराजगी जताई और फटकार लगाते हुए चेतावनी दी।

शनिवार की दोपहर एडीआरएम राजीव अग्रवाल अधिकारियों के साथ निरीक्षण यान से स्थानीय रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होने रेलवे परिसर में चल रहे सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत सुंदरीकरण हो रहा है। जिसमें स्टेशन सहित



स्टेशन का निरीक्षण करते एडीआरएम — समृद्धि न्यूज



एडीआरएम को ज्ञापन सौपते नागरिक — समृद्धि न्यूज

परिसर की पूरी तरह से तस्वीर बदल जाएगी। इससे बड़ी गाड़ियों के ठहरा में आसानी होगी और यात्रियों को इसका लाभ मिल सकेगा। दुर्घटना पर भी रोक लगेगी। रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग में खड़े वाहनों पर भी नाराजगी जताई। कहा कि किसी भी तरह डग्गामार अथवा अनाधिकृत वाहन को परिसर में प्रवेश न दिया जाए। निरीक्षण के दौरान पूर्व सभासद मोहम्मद नफीस, हरिओम गुप्ता ने डीआरएम को संबोधित ज्ञापन एडीआरएम को सौंपा। जिसमें प्लेटफार्म नंबर दो पर निकास होने की बात कही गई। कहा कि सुंदरीकरण के दौरान निकासों को बंद कर दिया गया है। जिससे यात्रियों को प्लेटफॉर्म तक आने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्लेटफार्म नंबर दो पर निकास व अतिरिक्त टिकट खिड़की बनवाए जाने की मांग की। इस दौरान सीनियर विपिन यादव,एओएम रिकिता सिंह, सीनियर डीएसटी प्रवेश कुमार, सीनियर डीसीएम संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75 वां गणतंत्र दिवस

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** 75 वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जिले भर के सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय व शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रीयता पर आधारित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का आयोजन तथा देशभक्ति से ओतप्रोत झांकियां निकाली गई। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया और भारतीय संविधान की शपथ दिलाई। वहीं जिले की प्रभारी मन्त्री रजनी तिवारी पुलिस लाइन में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। यहां उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व पुलिस जवानों को प्रशंसा पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने गांधी सभागार में महात्मा गांधी, डा. भीमराव आंबेडकर, सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि गणतन्त्र दिवस हम सभी राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते हैं। कहा कि हमारे देश का संविधान व इसका गणतांत्रिक रूप ही हमारे देश को एकता और अखण्डता से जोड़ता है। यह वह दिन है जब हमारा देश विश्व मानचित्र में गणतंत्र के रूप में स्थापित हुआ। आज के दिन हम सबको प्रतिज्ञा लेनी होगी कि हम भारत के संविधान की गरिमा को बनाए रखेंगे और देश के विकास में सहयोग देंगे। कहा कि हमारे देश में संविधान आज ही के दिन लागू हुआ था, भारतीय संविधान का निर्माण भारत वासियों को न्याय, विचार, मत, विश्वास, धर्म की स्वतन्त्रता, पद और अवसर की समानता, व्यक्ति की गरिमा तथा राष्ट्रीय एकता और बन्धुतत्व प्रदान करने के लिए हुआ था। अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। कहा कि देशभक्ति की भावना प्रत्येक व्यक्ति में होना चाहिए, सदा देश की आजादी में शामिल उन क्रांतिकारियों, महापुरुषों के बलिदान को याद रखें और देश की तरक्की में अपना योगदान दें। इस अवसर पर डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित को शाल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं डीएम ने वृद्वाश्रम में पहुंचकर वृद्धों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। उन्होने वृद्धजनों के बीच मिष्ठान आदि वितरित कर उनका कुशलक्षेम पूछा तथा आश्रम में नियमित मिल रहे भोजन, चिकित्सा, गर्म पानी आदि व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी ली। वहीं पुलिस लाइन में आयोजित हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। यहां नागरिक पुलिस, अग्निशमन सेवा, रेडियो पुलिस, स्वाट टीम, सर्विलांस और डायल 112 की टोलियां परेड में शामिल हुईं। परेड का नेतृत्व सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेई ने किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशंसा पत्र एवं चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर यहां विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोतं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। पुलिस लाइन में आयोजित हुए कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी अपने परिवार के साथ मौजूद रहे वहीं परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए भारी भीड़ मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन यातायात प्रभारी आफाक खां ने किया। कार्यक्रम में डीएम, एसपी, एएसपी, सीओ समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## आजादी के जश्न में डूबा जलालाबाद, घर-घर फहरा तिरंगा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** आजादी के महापर्व गणतंत्र दिवस को कस्वा समेत आसपास के क्षेत्र में नागरिकों ने हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण मिष्ठान वितरण कर मनाया। समस्त सरकारी, गैर सरकारी, शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। साथ ही स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसको लेकर उत्साह उल्लास और राष्ट्रभक्ति का माहौल रहा और लोगों ने खुशियां मनाई। क्षेत्र के कृषि विज्ञान केंद्र में अध्यक्ष डॉ वीके कन्नौजिया, लिली कोल्ड स्टोरेज में पुष्कर कन्नौजिया, जिला कारागार में जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी, डॉ भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ सुशील कुमार, जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्य एसके पांडेय, सीएचसी गुगरापुर में प्रभारी डॉ आनंद कुमार, प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम में प्रधानाध्यापिका रेनु कमल, पीएचसी जसपुरापुर सरैया में डॉ अनिल यादव, पीएचसी अनौगी में डॉ माजिद सहित आदि में सभी ने समय से झंडारोहण कर गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। गुगरापुर विकासखण्ड कार्यालय में खण्डविकास अधिकारी उमाशंकर साहू ने ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने देश के बलिदानियों को नमन करते हुए श्रद्धाजलि दी। वीडीओ ने कहा कि गणतंत्र दिवस स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण कराने के साथ हमें संवैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति प्रेरित भी करता है। इसीक्रम में गुगरापुर ब्लॉक क्षेत्र के रघुराज नगर चांदापुर स्थित अविका डिग्री कॉलेज में महाविद्यालय के मार्गदर्शक राजेंद्र सिंह यादव (पूर्व ब्लॉक प्रमुख) व महाविद्यालय के चेयरमैन राजीव कुमार ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

## कपूरपुर के पास कार की टक्कर से युवक की मौत

**छिबरामऊ कन्नौज।** तालग्राम रोड पर ग्राम सभा हाथिन के सामने रोड परमृतक क्रांतिवीर सिंह 24 पुत्र नत्थू सिंह चौहान निवासी कनकौली खुदागंज से हाथिन अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। कपूरपुर के पास कार की टक्कर से मौत मृतक की पत्नी प्रियंका बच्चा रिद्धि, भोले के सर से पिता का साया समाप्त हो गया परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है घटना की जानकारी कोतवाली में दी गई कोतवाली पुलिस ने पंचनामा पर शब को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## संपूर्ण थाना समाधान दिवस पर क्षेत्राधिकार ने सुनी समस्याएं

**विशुनगढ़ छिबरामऊ कन्नौज।** क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ द्वारा थाना विशुनगढ़ पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर सुनी गयी जनता की फरियाद। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस आयोजित की गयी। इस क्रम में क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ द्वारा थाना विशुनगढ़ पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।

# धूमधाम से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

- नगर व क्षेत्र में हुए विभिन्न आयोजन

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नगर व** क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम के साथ गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया गया। इस मौके पर निजी, सरकारी संस्थानों सहित विद्यालयों में ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों के कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया गया।

शुक्रवार को नगर व क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। नगर पालिका परिषद कार्यालय में पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वही कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा ने भी ध्वजारोहण किया। नगर के मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, गोमती देवी इंटर कॉलेज, सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज, आकाश एजुकेशन सेंटर, जेपी एजुकेशन एकेडमी, बालाजी अकैडमी, केसी एजुकेशन सेंटर, गुरुकुल पब्लिक





स्कूल, गीता इंटर कॉलेज, गुरुकृपा इंटर कॉलेज, बाबू जागेश्वर प्रसाद इंटर कॉलेज आदि में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। इसके बाद बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं के द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसे देख लोगों का मन मोह लिया। वही नगर में चारों तरफ तिरंगा झंडा और 26 जनवरी का उत्साह लोगों में दिखाई पड़ा। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, विजय मिश्रा, संजीव दुबे मुन्ना, विनय वर्मा, देवेन्द्र देव, संजीव गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम — भाजपा बेईमानी करके चुनाव जीतती है, जहां बेईमानी नहीं कर पाती वहां चुनाव हार जाती हैः शिवपाल यादव

# भाजपा के सफाए के लिए सबको मिलकर लड़ना जरूरी हैः शिवपाल यादव

- जिला मुख्यालय के मकरन्दनगर निवासी सपा नेता के यहां शादी की वर्ष गांठ के कार्यक्रम में पहुंचे सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने भाजपा पर बोला हमला

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**सपा नेता** के यहां शादी की वर्ष गांठ के कार्यक्रम में पहुंचे सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने ÷भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा बेईमानी करके चुनाव जीतती है और जहां बेईमानी नहीं कर पाती, वहां चुनाव हार जाती है। कहा कि सभी दल एकजुट हो जाएं, गठबंधन तभी मजबूत होगा, जब दलों में एकजुटता नजर आएगी। उन्होने बिहार में चल रही राजनीतिक हलचल पर कहा कि नितीश कुमार अनुभवी नेता हैं, इन्डिया गठबंधन में रहकर उन्हें इसे मजबूत करना चाहिये। शनिवार



को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव जिला मुख्यालय के मकरंदनगर क्षेत्र के मोहल्ला कुतुलुपुर निवासी सपा नेता जय कुमार तिवारी के बड़े भाई की शादी की वर्षगांठ कार्यक्रम में शामिल होने उनके आवास पर पहुंचे थे। यहां उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। यहां उन्होंने पत्रकारों से वार्ता भी की। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी इंडिया (आईएनडीआईए) गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के सफाए के लिए सबको मिलकर लड़ना जरूरी है। उन्होनें भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा हर जगह बेईमानी करके चुनाव जीतती है। जहां बेईमानी नहीं कर पाती वहां हार जाती है। इसका उदाहरण मैनपुरी और घोषी में हुए चुनाव हैं। वहां भाजपा बेईमानी नहीं कर पाई और बड़े अंतर से हार गई। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा लगातार दिए जा रहे हिन्दू विरोधी बयानों के सवाल पर शिवपाल यादव ने कहा कि उनके बयानों को लेकर वह कुछ नहीं कह सकते। कहा कि हमने उनको कई बार रोका, लेकिन वह नहीं माने। अब पार्टी नेतृत्व उन पर फैसला करेगा। राम मन्दिर के सवाल पर उन्होने कहा कि हमने तो पहले ही कहा था कि निमंत्रण मिलेगा तो भी जाएंगे नहीं मिलेगा तो भी जाएंगे। कहा कि वह अब किसी दिन रामलला के दर्शन करने जाएंगे। सपा शासनकाल के दौरान अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलवाए जाने के सवाल पर शिवपाल ने कहा कि जैसे भारतीय जनता पार्टी ने न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए राम मन्दिर बनवाया। इसी तरह उस समय न्यायालय का आदेश था कि यथास्थिति बनाएं रखें। उस समय प्रशासनिक अधिकारियों ने न्यायालय के आदेश का पालन किया था। उन्होने कहा कि अब राम मंदिर का मुद्दा खत्म हो चुका है, इसलिए उस पर सवाल करना अब ठीक नहीं है। बात खत्म हो चुकी है। मायावती के अखिलेश को गिरगिट कहने के बयान पर शिवपाल यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि उनके बारे में पूरा प्रदेश जानता है। कौन गिरगिट है वह जनता भलीभांति जानती है।

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# परिपक्व गणतंत्र ने व्यक्ति, समाज और देश के विकास के लिए बेहतर अवसर प्रदान किये: डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

▸ जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में किया झंडारोहण, नेताजी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**जिलाधिकारी संजय** कुमार सिंह ने गणतन्त्र दिवस पर कलेक्ट्रेट में झंडारोहण किया। झंडारोहण के पश्चात जिलाधिकारी सहित उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान किया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के गेट पर स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गिया। इस अवसर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार आयोजित 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अमृत महोत्सव काल का यह गणतंत्र दिवस हमारे सभी के जीवन का एक महत्वपूर्ण वर्ष है। जब हमारा गणतंत्र एक ऐसे काल में प्रवेश कर चुका है जहां प्रत्येक व्यक्ति आज उस मुकाम पर खड़ा है। जहां से वह अपने भावी जीवन के एक उज्जवल और सपनीले भविष्य की कामना कर सकता है। परिपक्व गणतंत्र ने व्यक्ति, समाज और देश के विकास के लिए बेहतर अवसर प्रदान किये हैं।

उन्होंने कहा कि आज हम सब लोग जो यहां इस परिसर में उपस्थित हैं वह सभी इस प्रशासनिक व्यवस्था के एक अभिन्न अंग हैं और शासन द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों को विभिन्न स्तरों पर क्रियान्वित करने का माध्यम हैं। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार की लोकप्रियता इसी बात पर निर्भर होती है कि हम प्रशासनिक व्यवस्था के लोग योजनाओं का कितने अच्छे ढंग से क्रियान्वयन कर रहे हैं। इस अमृतकाल में जहां हम विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर रहे हैं। उस समय हमारे शासकीय जीवन ने हमें जो अवसर प्रदान किया है उसके लिए हम आज अपने संविधान के प्रति, संविधान निर्माताओं की उस महान पीढ़ी के प्रति सबसे बड़ी श्रद्धांजलि यही प्रकट करते हैं कि हम अपने व्यक्तिगत जीवन से अपने शासकीय जीवन से अपने राष्ट्र को, अपने संविधान को, अपने गणतंत्र को और अधिक मजबूत तथा कार्य कुशल बनाएंगे, ताकि हम उन महान राष्ट्र निर्माताओं की परिकल्पना को साकार करते हुए अपने राष्ट्र को विश्व का सबसे उन्नत और खुशहाल राष्ट्र बनाने में योगदान कर सकें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि गणतन्त्र दिवस समारोह में उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देकर अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा वीर नारियों, वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों व नेशनल व राज्य स्तर पर मैडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रसस्ति पत्र देकर, शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, बंदोवस्त अधिकारी चकबंदी, अपर उप जिलाधिकारी सदर व कलेक्ट्रेट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर परेड की सलामी ली व सफेद कबूतर, गुब्बारे उडाकर शांति का संदेश दिया और पुलिस कर्मियो को पुरस्कार वितरण किया।



कलेक्ट्रेट में झंडारोहण करते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज



वीर नारियों को सम्मानित करते डीएम — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## पुलिस पिकेट से चंद कदमों की दूरी पर चोरों ने दो दुकानों को बनाया निशाना



चोरी के बाद लगे नकब को देखते लोग — समृद्धि न्यूज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गये हैं कि उन्हें पुलिस का जरा भी खौफ नहीं रहा है, तभी तो पुलिस पिकेट से सौ कदम की दूरी पर चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाते हुए हजारों की नकदी व सामान साफ कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार बीती रात चोरों ने इटावा-बरेली हाईवे पर पुलिस पिकेट से 100 मीटर की दूरी पर दो दुकानों को बनाया निशाना। जिसमें खान टायर्स की दुकान से लगभग 43000 का सामान व 5000 की नगदी चोरी कर ली।, जबकि भारतीय बैंड की दुकान से लगभग 1 लाख का सामान चोरी कर लिया। मोहल्ला किदवई नगर निवासी खान टायर्स दुकान के मालिक अली खान ने बताया कि चोर 23 बाइक के टायर और ट्रैक्टर के टायर की ट्यूब 12 पीस चोरी कर ले गये। जिसकी कीमत लगभग 43000 रुपए है। वहीं भारतीय बैंड दुकान के मालिक रमिया नगला निवासी हबलदार सिंह ने बताया कि चोर उनकी दुकान से चार ब्रास, दो तरमपट, चार माइक, एक मशीन आहूजा 500 वॉट तथा 70 एलईडी बल्ब चोरी करके ले गए है जिसकी कीमत लगभग 1 लाख रुपए है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। चोरी की इस घटना से दुकानदारों में दहशत का माहौल है। दुकानदारों का कहना है कि उनकी दुकानों से सौ मीटर की दूरी पर पुलिस पिकेट करती है, उसके बाद भी चोरी हो गयी। जिससे दुकानदारों में पुलिस के प्रति रोष देखा गया। पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस को तहरीर देकर चोरियों का खुलासा किये जाने की मांग की है।

## निपुण भारत लक्ष्य के तहत नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय में निपुण भारत लक्ष्य के तहत लखनऊ से आई टीम ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को जागरूक किया। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज से लगे प्राथमिक विद्यालय नया गनीपुर में शनिवार को लखनऊ से आई टीम के प्रभारी सुनीत सिंह ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं को निपुण भारत लक्ष्य के तहत जागरूक किया। वहीं छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षकों को निपुण लक्ष्य के तहत कई अहम जानकारियां दीं। इस मौके पर कार्यक्रम के प्रभारी सुनीत सिंह, एआरपी पंकज यादव, इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रशांत कटियार, राजवीर सिंह, नवनीत सिंह, अरुण पांडे, विनोद, गनीपुर जोगपुर के संकुल शिक्षक आशीष यादव सहित कई शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# ध्वजारोरण के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**विकास खंड** कार्यालय पर ध्वजारोहण के साथ गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं शहीदों को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। बीडीओ गगनदीप सिंह ने सभी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

विकास खंड कार्यालय पर गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा सुबह 8.30 बजे शासनादेश के अनुसार ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के समय पीआरडी के जवानों ने परेड कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। एकाउन्टेंट अवनीश सक्सेना तथा आलोक दीक्षित ने ध्वजारोहण के बाद स्वतंत्रता सेनानियों के लगे नाम के पटल पर सभी कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। इस मौके पर गणतंत्र दिवस के बारे में प्रकाश डाला गया। इस मौके पर बीडीओ गगनदीप सिंह, एकाउंटेंट अवनीश सक्सेना, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, लिपिक सुरेश चंद्र, आलोक पाठक, राहुल चंदेल, सचिन, जगवीर सिंह यादव, सचिन, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, सुनील कुमार, मानवेंद्र प्रताप सहित सभी विकास खंड के कर्मचारी, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह सहित विकास खंड के सभी कर्मचारी तथा पीआरडी सहित सभी लोग मौजूद रहे।



शपथ लेते ब्लाक के कर्मचारी — समृद्धि न्यूज

# धूमधाम से मनाई महाराजा मणिकुंडल की जयंती

▸ सांसद व राज्य महिला आयोग सदस्य ने लोगों को किया जागरूक

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**श्रीराम भक्त** महाराजा मणिकुंडल जी महाराज की जयंती को वैश्य समाज ने बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया। साथ ही बाहर से आये कलाकारों ने भक्तिमय भजन सुना कर लोगों को भावविभोर कर दिया और महाराजा मणिकुंडल की जय जयकार की। शुक्रवार की शाम 04 बजे नगर के चौराहा पर राम जानकी मंडपम में रामभक्त मनी कुंडल महाराज की जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रभा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि सुब्रत पाठक, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया ने कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रभा गुप्ता ने कहा कि अयोध्या में महाराजा दशरथ के शासनकाल में नगर के सेठ मणि कुंडल का जन्म पौष पूर्णिमा में हुआ था। उन्होंने वैश्य समाज को हमेशा ऊंचाइयों पर पहुंचा वही कार्यक्रम में उपस्थित सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि अयोध्यावासी समाज के द्वारा प्रभु राम के आदेश पर समाज हित में कार्य किया। इस मौके पर इंद्रपाल सिंह पटेल, वैश्य महासभा के निदेशक उमाशंकर गुप्ता, सौरिख अध्यक्ष राहुल गुप्ता, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, नगर अध्यक्ष भाजपा धर्मेंद्र कौशल, हरिओम गुप्ता सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नगर पंचायत, ब्लाक परिसर व सत्यभारती स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद नगर पंचायत कार्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत कार्यालय को भव्य रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम में कव्वाल देशभक्ति की कव्वालियां गाकर समां बांध रहे थे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूखी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का आगाज किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम मिश्र को नगर पंचायत अध्यक्ष ने शाल उड़ाकर सम्मानित किया। वहीं नगर पंचायत कार्यालय परिसर में छोटे-छोटे बच्चों ने कविताएं सुनाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आशीष कुमार, सभासद खुशनाबाज खां सहित कई सभासद मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ शमसाबाद विकास खंड कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख ससुर भाजपा नेता रामकिशोर राजपूत ने ध्वजा रोहण कर ब्लाक कर्मियों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी शमीम अशरफ व ब्लॉक के कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा ब ईमानदारी से कार्य करने की शपथ ली गई। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख पति राजवीर राजपूत, पंकज राजपूत सहित तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ नवाबगंज की ग्राम पंचायत ज्योना स्थित सत्य भारती स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाजपा नेता व गोग्रीन जन कल्याण फाउंडेशन के अध्यक्ष अनूप गंगवार ने ध्वजा रोहण कर बच्चों को उपहार बांटे व बच्चों को खूब पढ़ लिखकर तरक्की करने की बात कही। इस दौरान स्कूल का स्टाफ व राजेश गंगवार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व अन्य

# लोकसभा चुनाव को लेकर सपा का पीडीए पखवाड़ा शुरु

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**कायमगंज विधानसभा** के अंतर्गत नवाबगंज के ग्राम हरदुआ में पीडीए पखवाड़े का आयोजन किया गया। शनिवार को दोपहर बाद शुरू हुए इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य गांव-गांव जाकर ग्रामीणों और किसानों को समाजवादी पार्टी के द्वारा किए गए विकास कार्यो और उपलब्धियों के सम्बन्ध में जानकारी देना है। जिससे लोग सपा शासनकाल में किये गये विकास कार्यों के बारे में जान सकें। समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने बताया कि यह पखवाड़े प्रत्येक गांव में आयोजित किये जायेंगे। साथ ही पार्टी की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा। इस अवसर पर समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा, पूर्व मंत्री प्रदेश सचिव सर्वेश अंबेडकर, जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर नवरंग सिंह, निवर्तमान युवजन सभा जिला अध्यक्ष शिवम यादव, एमपी सिंह शाक्य, सह मीडिया प्रभारी रवि यादव, अभिषेक शाक्य, डाक्टर हरिओम यादव, राहुल यादव सभासद, अमन सूर्यवंशी, दंगलन सिंह यादव आदि लोग की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद सपाई — समृद्धि न्यूज

# गणतंत्र दिवस पर छात्र-छात्राओं ने पेश किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**कस्बे में** जेएस इंटर कॉलेज तथा प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज सहित सभी संस्थाओं में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित श्रीबाबू सिंह दादू जी के संस्थान जेएस इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रदीप यादव टीटू ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार वितरित किये। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रदीप यादव टीटू, सुरेंद्र सिंह गौर, अध्यापक मेघनाथ तथा अध्यापक परमनाथ सहित सभी शिक्षकगण मौजूद रहे। वहीं कस्बे के थाने के पास प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक संजीव रंजन ने ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगीत गाया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। वहीं बच्चों ने राष्ट्रहित में मनमोहक झांकियां बनाकर नृत्य कला सहित कई कार्यक्रम पेश किये। प्रधानाध्यापक संजीव रंजन ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद शाक्य सहित सभी शिक्षक आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे — समृद्धि न्यूज

निरीक्षण

**मेले में अव्यवस्थाओं पर जतायी नाराजगी, जल्द दुरुस्त करने के निर्देश**

# ढाईघाट मेले की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**ढाईघाट शमशाबाद** स्थित गंगा नदी जहां एक महीने तक रामनगरिया का मेला लगता है। उक्त मेले में जनपद ही नहीं, बल्कि कन्नौज, कानपुर, औरैया, इटावा, मैनपुरी, आगरा, एटा सहित कई जनपदों से श्रद्धालु तथा व्यापारी डेरा जमाकर काल्पवास करते है। साथ ही व्यापारिक प्रक्रिया को अंजाम देते हैं। पशु व्यापारी जो पशुओं की खरीद फरोख्त कार्य करते हैं। मेला लगाने का कार्य पिछले कई दिनों से जारी है, लेकिन व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं हुईं। हालाकि कुछ साधु संत पूर्व से ही जिला प्रशासन से व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग कर रहे हैं। व्यवस्थाओं में सड़क, बिजली, पानी, लाइट, सुरक्षा व्यवस्था आदि शनिवार को जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने ढाईघाट मेले में पहुंचकर परखी। यहां एसडीएम कायमगंज तथा शमशाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने अगवानी की। दोनों अधिकारियों ने मेले की व्यवस्थाओं को परखा। कुछ लोगों से जानकारी भी की, तो लोगों ने मेले में व्याप्त अव्यवस्थाओं की जानकारी दी और व्यवस्थाओं को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। मेले में हैंडपंप लगाए जाने, सड़कों को दुरुस्त करने के साथ ही लाइट व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश मेला प्रभारी को दिये। मालूम हो कि मेले में अव्यवस्थाओं को लेकर संत नाराज थे। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने ढाई घाट शमशाबाद के परिक्षेत्र में उस जगह का भी निरीक्षण किया जहां कभी मेले का आयोजन होता था। रामनगरिया का मेला कितना पुराना है और शाहजहांपुर परिक्षेत्र में कितने समय से लग रहा की भी जानकारी दोनों अधिकारियो ने की। शमसाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित पुलिस चौकी का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी कायमगंज तथा थानाध्यक्ष बलराज भाटी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।



मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम व एसपी — समृद्धि न्यूज

# रखा बालिका इं0का0 में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मना गणतंत्र दिवस



तिरंगे को सलामी देती प्रधानाचार्या व शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रखा बालिका इंटर कालेज में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रधानाचार्या डा0 नीतू मसीह ने झण्डा रोहण किया। समस्त स्टाफ व कर्मचारियों एवं छात्राओं को शपथ दिलायी। शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी का संदेश पढ़कर सुनाया।

सहायक अध्यापिका बीना एल्वर्ड ने शिक्षा निदेशक का संदेश पढ़ा। अध्यापिका प्रीती मसीह ने गणतंत्र दिवस पर विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं ने गणतंत्र दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। देश भक्ति गीत, नाटक, भाषण एवं नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 9 की छात्रा नरगिश द्वारा देश भक्ति सुंदर प्रतियोगिता प्रस्तुत कर मन मोह लिया। साथ ही विद्यालय में निबंध, भाषण व नाटक प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रधानाचार्या डा0 नीतू मसीह ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 75वां गणतंत्र हम बना रहे है व 76वें वर्ष में हम प्रवेश कर रहे है। हमें देश के कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करनी है, क्योंकि युवा ही देश का भविष्य है। इसलिए युवा हर कार्य में आगे आकर प्रतिभाग करें।

इस मौके पर बीना एल्वर्ड, नीतिका सनी, नेहा मिश्रा, ममता पौल, भावना लाल, रचना हिल्स, ममता, लिपिक अनीस अहमद, संजय प्रसाद, सुरेन्द्र पाल सिंह, राजेश, शिवम शुक्ला, सुनील राम, सुनील कुमार, अर्जुन, नूरानी लायल आदि लोग मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस पर छात्राओं को प्रमाण पत्र व नगद धनराशि एवं चांदी के सिक्के किये गये वितरित



प्रमाण पत्र के साथ मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज में 75वां गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण के साथ सम्पन्न हुआ। प्रबंधक सुनील अग्रवाल, उप प्रबंधक विजय गुप्ता, सदस्य विनय अग्रवाल व प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी व उप प्रधानाचार्या कुसुमलता ने दीप प्रज्वलित कर ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों का शब्दों से स्वागत किया। संचालन दर्शना शुक्ला ने किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें दर्शना आर्या, सुनीता पाण्डेय, समीक्षा अग्निहोत्री, राधा दीक्षित, जया अवस्थी की देखरेख में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। उप प्रधानाचार्या कुसुमलता शिक्षा मंत्री का संदेश प्रस्तुत किया गया। डीएसएचके फाउंडेशन की ओर से नीरज अग्रवाल द्वारा छात्राओं को प्रमाण पत्र, नगद धनराशि व चांदी का सिक्का प्रदान किया गया। पर्यावरण मित्र कार्यक्रम के अन्तर्गत जैव विविधता एवं सस्टेनेबिनिटी की मार्गदर्शिका शिक्षिका पूनम शुक्ला व छात्राओं को प्रशस्ति पत्र पुरस्कार प्रदान किये गये। साथ बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता की छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु बालिका वैष्णवी वर्मा द्वारा जूडो कराटे कला का प्रदर्शन किया गया। दर्शना शुक्ला ने मकर संक्रांति के पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पूनम शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य व विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीपी इंटरनेशनल व सीपी विद्या निकेतन में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



दीप प्रज्वलित के दौरान मौजूद अतिथि

**फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सीपी इंटर नेशनल स्कूल व सीपी विद्या निकेतन में हर्षोल्लस के साथ 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। उपनिदेशिक अंजू राजे ने ध्वजारोहण किया। निर्देशिका डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि मनुष्य द्वारा अपने कार्य को तन्मयता से ईमानदारी पूर्वक किया जाना ही देशभक्ति है। उन्होंने कहा कि आजकल बच्चे मोबाइल फोन का आवश्यकता से अधिक प्रयोग कर रहे हैं। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के मिसयूज से बच कर पढ़ाई में रुचि बढ़ाए। प्रधानाचार्य डॉ0 विनोदचंद्र शर्मा ने बताया कि जो समस्याएं हमारे जीवन को और देश को आगे बढ़ाने में बाधक है। उनका सामना भी उसी अंदाज में किया तो सफलता भी निश्चित ही मिलती है। आराध्या, शरणया, स्प्रीहा, काया ने सच है कि भगवान हैं नामक गीत की शानदार प्रस्तुति दी। सचिन, सृजिता, सूर्यांश, लविश के ग्रुप ने अखंड भारत का अभिनय प्रस्तुत कर दर्शकों को ऐसा भाव मुग्ध किया। अर्जुन ने भाषण व अन्वी मिश्रा ने स्वतंत्रता के इतिहास पर प्रकाश डाला। हेडमिस्ट्रेस संदीपा कुमार ने आभार व्यक्त किया। संचालन फहमिदा रजा ने किया। सीपी विद्या निकेतन कायमगंज में मुख्य अतिथि जवाहर सिंह गंगवार, व विशिष्ठ अतिथि मिथलेश अग्रवाल ने झण्डे को सलामी दी और विचार व्यक्त किये। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य योगेश तिवारी, अमर सिंह खटिक, डा0 मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

▶ मुख्य अतिथि ने विजेताओं को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के उपलक्ष्य में जूनियर बालक वर्ग बॉक्सिंग, जूनियर बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में 24 जनवरी से 26 जनवरी तक वॉलीबाल सीनियर पुरुष वर्ग प्रतियोगिता, कबड्डी प्रतियोगिता जूनियर बालक वर्ग, बॉक्सिंग प्रतियोगिता जूनियर बालक वर्ग, खो-खो प्रतियोगिता जूनियर बालक वर्ग सम्पन्न हुई। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्रा ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। प्रतियोगिता के दौरान योगेश शुक्ला, संजीव कटियार, कुलदीप यादव, अरुण यादव, आलोक यादव, दुर्गा वर्मा, सपना यादव, विमलेश कुमार, अभिषेक पाल, सुभाष चन्द्र, अभिषेक शाक्य, यदुनाथ सोमवंशी, मनोज कुमार, अथक पटेल, सत्यम मिश्रा, अहमद, विनीत आदि लोग मौजूद रहे। जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 46 से 49 किलो भार वर्ग में आयुष प्रथम, सचिन द्वितीय, हर्ष तृतीय रहे। 49 से 52 किलो भार वर्ग में अंकित प्रथम, सिकंदर द्वितीय, सुबोध तृतीय रहे। 52 से 56 किलो भार वर्ग में कुलदीप प्रथम, करन द्वितीय, सिद्धार्थ तृतीय रहे। 56 से 60 किलो भार वर्ग में निखिल प्रथम, सत्यम द्वितीय, आदित्य तृतीय रहे। 60 से 64 किलो भार वर्ग में शिवम राजपूत प्रथम, पीयूष तृतीय रहे। 64 से 69 किलो भार वर्ग में अभिषेक प्रथम, समीर द्वितीय, कपिल तृतीय रहे। 69 से 75 किलो भार वर्ग में ज्ञानेन्द्र प्रथम, आशीष द्वितीय, शिव बहादुर तृतीय रहे। 75 से 81 किलो भार वर्ग में पारस प्रथम, शिफल द्वितीय, सुमित तृतीय रहे। निर्णायक मण्डल की भूमिका जिला व्यायाम शिक्षक बॉक्सिंग कोच संजीव कटियार ने निभाई। सभी विजेता खिलाड़ियों को जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र द्वारा ट्रक्स सूट किये वितरित।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शैक्षिक संस्थानों में हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस



झण्डा रोहण करते प्रबंधक मुजफ्फर हुसैन रहमानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हाजी अख्तर हुसैन रहमानी गर्ल्स इंटर कालेज में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। यौमे जम्हूरियत के मौके पर मुल्क का परचम आसमानों की ऊंचाई पर फख्र से लहराया गया। राष्ट्रगान के साथ नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्री-प्राइमी के बच्चों ने फलों व सब्जियों की पोशाख पहनकर उनके गुण व फायदे बताकर कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। सीनियर सेक्शन के बच्चों ने भाषण प्रस्तुत किया। प्रबंधक मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था। प्रधानाचार्या इरम खान ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। संचालन मिर्जा आकिब कादरी व सावेज ने किया। आकिल खान, प्रबंधक पुत्र सूफियान हुसैन मौजूद रहे।



सरस्वती शिशु मंदिर में दीप प्रज्जवलित करते अतिथिगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सेनापति में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। विद्यालय के अध्यक्ष शिवविलास त्रिवेदी, प्रबंधक संजीव चौहान, पूर्व प्रबंधक अजय पुरवार, सह प्रबंधक सुधाकर चतुर्वेदी व प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय के घोष दल द्वारा किरण बजाकर राष्ट्रध्वज को नमन किया गया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। छात्र संसद के कार्तिक दीक्षित ने बैज अलंककरण एवं फल भेंट किये। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर आचार्य प्रदीप अवस्थी, रविन्द्र सिंह, सर्वेश शुक्ल, वीरेश सिंह, शिवमोहन, प्रदीप शर्मा, विजय दीक्षित, शिव यादव, गोविन्द, क्रतिका, पूजा मौजूद रही।



छात्रा को सम्मानित करते अतिथि संजय सोमवंशी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डी0एस0बी0डी पब्लिक स्कूल पांचालघाट में गणतंत्र धूमधाम से मनाया गया। बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि समाजसेवी संजय सोमवंशी व अतिथि नरेंद्र सोमवंशी व कार्यकारी अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बेटी अंशिका, आंशी, अभिलाषा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। बच्चों ने सांस्कृतिक व अध्यात्मिक गीतों पर नृत्य व नाटक व कविता प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर प्रबंधक अनुजा सोमवंशी, प्रधानाचार्य विभोर सोमवंशी, रजनी सोमवंशी, अनुराग सोमवंशी, शिक्षक अभिनय, सचिन पल, निर्भय, आकृति, कीर्ति, शिवा, शालिनी आदि उपस्थित रहे। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।

# जनपद में धूमधाम से समाजसेवी संस्थाओं ने मनाया 75वां गणतंत्र दिवस



झण्डा रोहण करती सरिता पाण्डेय

## वाणी विनायक संस्था ने मनाया गणतंत्र दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वाणी विनायक संस्था की ओर से बूरा वाली गली स्थित कार्यालय पर 75वां गणतंत्र दिवस संस्था अध्यक्ष सरिता पांडेय ने ध्वजारोहण कर मनाया। अध्यक्षता उपाध्यक्ष राकेशानंद ने की व संचालन राज गौरव पांडे ने किया। राकेशानंद ने कहा कि यदि अपने घर को देव तुल्य बनाना है तो स्त्रियों का सम्मान अत्यंत आवश्यक है। राज गौरव पांडेय ने कहा कि भारत इस वर्ष इस गणतंत्र दिवस को नारी शक्ति की थीम पर मना है। इस तरह हम सभी लोगों को नारी का सम्मान सर्वोपरि रखना चाहिए। इस अवसर पर रितुल वर्मा, अमित सक्सेना, महेश यादव, सुनील टंडन, राकेश मिश्रा, यश पांडे, अशोक शाक्य, मनोज शर्मा, राम राजपूत, गौरव राठौर, महेश यादव, कमल यादव, विकास यादव, अनूप शर्मा, धीरज मोर्य, राजेश राठौर, अनूप शर्मा, रोहित यादव मौजूद रहे।



झण्डा रोहण करते ईश्वरदास ब्रह्मचारी व मौजूद अन्य

## राष्ट्र धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं: ईश्वरदास ब्रह्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजसेवी संस्था अमर ज्योति एसोसिएशन ने पांचाल घाट स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान वाटिका में झण्डारोहण के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन किया। भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। दुर्वाष आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी द्वारा झण्डारोहण किया गया। ईश्वरदास ब्रह्मचारी ने कहा कि राष्ट्र धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं है। सैकड़ों हजारों बलिदानों के बाद भारत को आजादी मिली। राष्ट्रसेवा के लिए हमें एकजुट हो जाना चाहिए। महासचिव प्रमोद दीक्षित ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को ही हमारा संविधान लागू हुआ था। इस मौके पर राकेश तिवारी, चन्द्रप्रकाश अग्निहोत्री, विधू शेखर मिश्रा, अखिलेश, अनिल तिवारी, आशुतोष, सत्यप्रकाश, सुभाष त्रिवेदी, स्वदेश त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।



स्वतंत्रता दिवस पर मौजूद अतिथि व कराटे खिलाड़ी

## पुष्कर कराटे अकादमी में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तिकोना सब्जी मण्डी मे स्थित पुष्कर कराटे अकादमी में गणतंत्र दिवस मनाया गया। संरक्षक लाल सक्सेना, ठाकुर सर्वेन्द्र सिंह, संजय प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष मनीष वर्मा, शिवानी मिश्रा का उप सचिव मुख्य प्रशिक्षक पारस भारद्वाज, आरती भारद्वाज ने अतिथियों का स्वागत किया। ध्वजरोहण लाल सक्सेना ने किया। प्रशिक्षक पुष्कर भारद्वाज, योगेन्द्र शर्मा ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर कराटे सीख रहे छात्र व छात्रायें मौजूद रही। धन्यवाद पारस भारद्वाज ने ज्ञापित किया।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2004 जिसका अनुक्रमांक 0150979 है की मार्कशीट जो घर से जसमई जाते समय रास्ते में कहीं खो गई। काफी खोजबीन की कहीं नहीं मिली।

**अभय कुमार पुत्र श्री रामपाल सिंह निवासी ग्रा0 खारबंदी कुइयांबूट पो0 पचपुखरा थाना मऊदरवाजा, फर्रु0**

# खबरें एक नजर में

## भारतीय मित्र परिवार ने मनाया गणतंत्र दिवस



महादेवी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भारतीय परिवार मित्र के लोग

**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।** भारतीय मित्र परिवार के पदाधिकारियों पर पल्ला देवी मठिया मंदिर के पास महादेवी वर्मा की मूर्ति के समक्ष झण्डा रोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया और भारत माता जय के नारे लगाये और बूंदी वितरित की। सभी सदस्यों ने झण्डा रोहण में भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीय सदस्य राकेश तिवारी, अजय बाजपेई, सुनील मिश्रा, अनुज मिश्रा, समीर बाजपेई, संजय दीक्षित, महेन्द्र अग्निहोत्री, उमाशंकर गुप्ता, राजीव तिवारी, राजन दीक्षित, अजय दीक्षित, हीरो भाई, वॉवी पटेल, सत्यव्रत पाण्डेय, लल्लू भाई, अनिल श्रीवास्तव, गौरी पाण्डेय, अनमोल बाजपेयी, नैमिष दीक्षित, नंदीश बाजपेयी, परिधि दीक्षित, सिद्धांत मिश्रा, आशीष मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## इस्लामिया जूनियर हाई स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



झण्डारोहण के दौरान मौजूद स्कूली बच्चे

**फर्रुखाबाद (सं.)।** इस्लामिया जूनियर हाई स्कूल फतेहगढ़ में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधक सैयद रिजवान अली द्वारा ध्वजारोहण कर सभी बच्चों व स्टाफद्वारा झंडे को सलामी दी गई। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। विद्यालय प्रबंधक सैयद रिजवान अली के द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस के बारे में जानकारी दी गई साथ ही सभी को संविधान की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि देश के बेहतर निर्माण के लिए हमारे बच्चों का योगदान बहुत ही जरूरी है। शिक्षा से ही हम अपने राष्ट्र को सर्वोत्तम बना सकते हैं। इसी के साथ सभी को पुनः यौमे जम्हूरियत की मुबारकबाद दी गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शकील अहमद द्वारा सभी लोगों को मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में राजेश यादव, जीशान अंसारी, शिक्षक मोहम्मद तैयब खान, हाफिज मोहम्मद सलमान, मंतशा, तंजील तारिक, इरम खालिद, आशी मंसूरी, सानिया, हुमैरा, सदफ खान आदि उपस्थित रहे।

## ध्वजारोहण के साथ बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा



झण्डारोहण करते मुख्य अतिथि व मौजूद डायरेक्टर आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शिवानंद एजुकेशन सेंटर चिलसरा रोड भिड़ौर में मुख्य अतिथि उदल सिंह यादव एवं संस्थापक पंकज यादव ने ध्वजा रोहण किया। संस्थापक पंकज यादव ने बच्चो को देश के लिए दिए गए बलिदान के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने देश भक्ति गीत और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर चेयरमैन शुभम यादव हनी और डायरेक्टर चारु हनी यादव मौजूद रही। ध्वजारोहण के बाद तिरंगा यात्रा निकाली गई और मेरी माटी मेरा देश मेरा देश कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान आरती यादव, पुनीत यादव, मोहिनी, रिया आदि उपस्थित रहे। संचालन रजत ने किया। अध्यापक अनुज, मुसाहिद, नेहा, अनीता रावत, अनीता, फराह, स्नेहा, उन्नति, शालिनी आदि ने सहयोग किया।

## स्वामी विवेकानंद नर्सिंग कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



गणतंत्र दिवस पर मौजूद डायरेक्टर, प्राचार्य व प्रबंधक

**फर्रुखाबाद (सं.)।** स्वामी विवेकानंद कॉलेज आफ नर्सिंग सरैया में 75वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भारत माता की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। साथ ही बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। गणतंत्र दिवस पर भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्राचार्या ने सभी छात्र-छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश 15 अगस्त 1947 को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त जरूर हुआ, लेकिन देश की शासन व्यवस्था को चलाने के लिए हमारे पास अपना संविधान नहीं था। संविधान के बगैर देश को नहीं चलाया जा सकता। ऐसे में डॉ0 भीमराव अंबेडकर द्वारा गठित कमेटी ने 2 साल 11 महीने 18 दिन में 1 संविधान लिखकर तैयार किया। इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया, तब से हम गणतंत्र दिवस एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते आ रहे हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद कुमार अग्निहोत्री, प्रबंधक अनुराग दुबे एवं डायरेक्टर डॉ0 सचिन दुबे आदि मौजूद रहे।

## डीएन कॉलेज में ध्वजारोहण के साथ विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुर्गा नारायण महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग ने झण्डा रोहण किया। राष्ट्रगान के साथ शपथ ग्रहण कराया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विचार व्यक्त किये। जिसमें छात्र मानधाता यादव, अनन्या दुबे, दिव्या पाण्डेय ने विचार रखे। इस अवसर पर महाविद्यालय की डा0 विनीता वर्मा, डा0 एचएसएन गुप्ता, डा0 अजहर जुनैद आलम, डा0 सतेन्द्र मिश्रा, डा0 रामनरेश सिंह, डा0 पंचम कुमार, डा0 मोहम्मद अमीन, डा0 अशोक कुमार शर्मा, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, वीरभान सिंह, आलोक राजपूत, आशुतोष पाण्डेय, योगेन्द्र कुमार सिंह, आदित्य कुमार, श्याम सुंदर, रणवीर सिंह, ओमप्रकाश सिंह, प्रशांत कुमार, दिनेश देशमुख, योगेन्द्र सिंह यादव व एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

